हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 331, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 20 मई, 2022 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी

## पेपरलेस होगी विस की कार्यवाही, सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया ई-विधान केन्द्र का लोकार्पण

### विधानभवन की गैलरी में हुए सुंदरीकरण कार्य का भी किया लोकार्पण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार विकास कार्य के तहत पर्यावरण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सरकार ने अधिकांश सरकारी कार्यालय को पेपरलेस करने का कदम उठाने के साथ अब उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्यवाही को भी पेपरलेस कर लिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में गुरुवार को ई - विधान एप्लीकेशन केन्द्र का लोकार्पण किया, जिससे विधानसभा की कार्यवाही का आनलाइन संचालन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्यवाही को कागज रहित बनाने के लिए विधानमंडल के बजट सत्र से नेशनल ई-विधान परियोजना को लागू करने की तैयारी को सरकार ने पूरा कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधान भवन में नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन केंद्र का लोकार्पण किया। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी थे। अब उत्तर प्रदेश में ई विधान मंडल सत्र होगा। मुख्यमंत्री



ने इसके बाद विधानभवन की गैलरी में हुए सुंदरीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया। सौन्दर्यी करण के तहत विधान भवन की गैलरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित मदन मोहन मालवीय, वीरांगना लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सरोजिनी नायडू, चंद्रशेखर आजाद, बाल गंगाधर तिलक, मंगल पाण्डेय, सरदार भगत सिंह तथा टीपू सुल्तान की तस्वीरें लगाई गई हैं।

### प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के प्राइमरी व बेसिक स्कूलों में कल से गर्मी की छुट्टियां, 16 जून से खुलेंगे स्कूल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां कल से होंगी। बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय गर्मी की छुट्टियां के बाद 16 जून से खुलेंगे। उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में इस बार गर्मी की छुट्टियां 27 दिन की हैं। नए शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार इन सभी स्कूलों में 16 जून से पठन-पाठन फिर शुरू हो जाएगा। विद्यालयों में शैक्षिक सत्र जुलाई के बजाए अब एक अप्रैल से शुरू होता है। इसी के साथ ही अब अवकाश की समय सारिणी बदल चुकी है। प्रदेश के इन स्कूलों में 21 मई से 30 जून तक मिलने वाला ग्रीष्मावकाश अब 20 मई से 15 जून तक रहेगा। अब तो सभी प्राथमिक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश भी मिल रहा है, जो कि हर वर्ष 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक दिया जाता है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद सचिव प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि विद्यालयों में शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार गुरुवार तक पढ़ाई होगी, शुक्रवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू होंगी जो 15 जून तक रहेंगी। 16 जून को स्कूल सुबह साढ़े सात बजे खुलेंगे और तेजी से पढ़ाई कराई जाएगी।

## सांसों पर भी भारी पड़ रही भीषण गर्मी हवा में बढ़ती ओजोन से बढ़ रहा खतरा

नई दिल्ली। अगले कुछ दिन आपको गंभीर वायु प्रदूषण के चलते सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। वहीं, रिकॉर्ड गर्मी से हवा में ओजोन की मात्रा बढ़ रही है जो ज्यादा देर धूप में रहने पर आपके लिए घातक साबित हो सकती है। दिल्ली और एनसीआर में हवा में प्रदूषण के स्तर पर नजर रखने वाली पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की संस्था सफर की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले तीन दिनों में दिल्ली की हवा में एक बार फिर प्रदूषण का स्तर मानकों से ज्यादा हो जाएगा। हवा में बढ़ती ओजोन की मात्रा आपकी मुश्किल बढ़ा सकती है। सफर की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार दोपहर दिल्ली के कई इलाकों में हवा में ओजोन का स्तर मानकों से कहीं अधिक दर्ज किया गया। पूसा में ओजोन का स्तर एयर क्वालिटी इंडेक्स में 258 तक पहुंच गया। जो मानकों से कहीं अधिक है। मानकों के तहत हवा में ओजोन का स्तर एक्यूआई में 100 से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसी तरह दिल्ली स्थित आईआईटी के आसपास के इलाके में ओजोन का स्तर 217 के करीब दर्ज किया गया। नोएडा में यह 197 के करीब रहा। दिल्ली में पीएम 2.5 का हवा में औसत स्तर 70 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा। अगले तीन दिनों में इसके बढ़ कर 90 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंचने की संभावना है।



मानकों के तहत हवा में पीएम 2.5 का स्तर 60 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसी तरह हवा में पीएम 10 का स्तर 227 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक दर्ज किया गया। इसके अलगे तीन दिन में बढ़ कर 295 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के स्तर तक पहुंचने की संभावना है। मानकों के तहत हवा में इसका स्तर 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ज्यादा नहीं होना चाहिए। सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरमेंट की कार्यकारी निदेशक अनुमिता राय चौधरी बताती हैं कि सर्दियों की तुलना में गर्मियों में होने वाला प्रदूषण काफी अलग होता है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि गर्मी में दर्ज किए जाने वाले प्रदूषण में धूल के कण ज्यादा होते हैं। सर्दियों में होने वाले प्रदूषण में धूल की मात्रा 15 फीसदी तक होती है वहीं गर्मियों में ये मात्रा बढ़ कर 30 फीसदी तक हो जाती है। अनुमिता कहती हैं कि हमें ध्यान रखना होगा कि हवा में बढ़ता ओजोन का स्तर बेहद खतरनाक है। ओजोन के प्रदूषण का कोई खास सोर्स नहीं होता है। बेहद गर्म मौसम में गाड़ियों और पावर प्लांट से निकलने वाला धुआं आपस में क्रिया करके ओजोन बनाने लगता और हवा में ओजोन का स्तर बढ़ने लगता है। अनुमिता रॉय चौधरी के मुताबिक अरावली और रिज इलाकों में पेड़ों की संख्या बढ़ाने के साथ ही हमें दिल्ली और एनसीआर के चारों ओर एक पेड़ों की एक ग्रीन वॉल बनानी होगी। पेड़ पौधे धूल भरी आंधियों के प्रभाव को काफी कम कम कर देते हैं। वहीं शहर में गाड़ियों की संख्या घटाने और सड़कों और फुटपाथ को बेहतर बनाने भी प्रदूषण कम होगा।

## नवजोत सिंह सिद्धू को बड़ा झटका, सुप्रीम कोर्ट ने 34 साल पुराने केस में एक साल सश्रम कैद की सजा सुनाई

चंडीगढ़/नई दिल्ली। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 34 साल पुराने रोड रेज मामले में सिद्धू को एक साल सश्रम कैद की सजा सुनाई है। इससे पहले



सुप्रीम ने उनको एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाकर छोड़ दिया था। सिद्धू को जब सुप्रीम कोर्ट सजा सुना रहा था उस समय वह हाथी पर सवार होकर महंगाई के मुद्दे पर पटियाला में प्रदर्शन कर रहे थे। सजा पर नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि वह कानून की महिमा के लिए खुद को प्रस्तुत करेंगे। इस ट्वीट से माना जा रहा है सिद्धू अदालत या पुलिस के समक्ष सरेंडर करेंगे। दूसरी ओर, फैसले पर शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आज न्याय किया है। पीड़ति परिवार कई वर्षों से न्याय मांग रहा था। सिद्धू पर 34 साल पहले पटियाला में सड़क पर हुए विवाद में गुरनाम सिंह के साथ मारपीट करने का आरोप है। गुरनाम सिंह की अस्पताल में मौत हो गई थी। रोडरेज का यह मामला 27 दिसंबर, 1988 का है। नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला में कार से जाते हुए गुरनाम सिंह नाम के एक बुजुर्ग से भिड़ गए थे। आरोप है कि गुस्से में नवजोत सिद्धू ने उन्हें मुक्का मार दिया, जिसके बाद गुरनाम सिंह की मौत हो गई थी। पटियाला पुलिस ने सिद्धू और उनके दोस्त रूपिंदर सिंह के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था। निचली अदालत ने नवजोत सिंह सिद्धू को सुबूतों के अभाव में 1999 में बरी कर दिया था, लेकिन पीड़ित पक्ष पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट पहुंच गया। गुरनाम सिंह के सवजनों का आरोप था कि सिद्धू ने गुरनाम सिंह के सिर पर मुक्का मारा और गुरनाम सिंह को ब्रेन हेमरेज हो गया, जिससे उनकी मौत हो गई। साल 2006 में हाई कोर्ट ने सिद्धू को तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। इस फैसले को सिद्धू ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। वहां से उनको राहत मिली और सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाकर छोड़ दिया।

## बिहार में दो दिनों में तीसरी बैंक लूट, गया एसबीआइ में दिनदहाड़े 16 लाख की डकैती

गुरारु (गया)। गया जिले के गुरारु बाजार में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा से गुरुवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े 16 लाख रुपये लूट लिए। इस दौरान अपराधियों ने बैंक के अधिकारियों व कर्मियों को बंधक बना लिया। अपराधियों की संख्या छह से अधिक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कई थाने की पुलिस पहुंची। एसएसपी हरप्रीत कौर ने भी पहुंचकर घटना का जायजा लिया। बैंक प्रबंधक जयंत कुमार मंकी ने बताया कि बैंक खुलने के बाद करीब 10:15 बजे आधा दर्जन से अधिक अपराधी बैंक में घुसे। घुसते ही उन्हें बैंक में मौजूद कर्मियों को बंधक बना लिया। बैंककर्मी रितेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रवि कुमार, सोनडीहा गांव के ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक विकास कुमार, पैसा निकासी के लिए आए गुरारु थाना के चौकीदार संतोष कुमार को हथियार के बल पर बंधक बनाने के बाद उनलोगों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान कैश चेस्ट की चाभी देने में अनाकानी करने पर गोली मारने की धमकी दे रहे थे। कुछ लोगों को पिस्टल की बट से मारकर जख्मी कर दिया। करीब आधा घंटा तक अपराधी बैंक में रहे। लूट के दौरान बैंक में लगी सीसीटीवी का डीवीआर भी उखाड़ लिया। अपराधियों के जाने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। टिकारी डीएसपी गुलशन कुमार ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। इसके बाद एसएसपी हरप्रीत कौर भी बैंक पहुंचीं। उन्होंने बताया कि अपराधियों की संख्या आठ थी। अब तक की जांच में 15 लाख 59810 लूट की जानकारी है। लूट कांड का पदार्फाश करने के लिए एसआइटी का गठन कर दिया गया है। गुरारू को जोड़ने वाले जितने भी मार्ग हैं उन सभी मार्गों की नाकेबंदी कर वहां जांच अभियान शुरू कर दी गई है। साथ ही टेक्निकल सेल के पुलिस पदाधिकारियों को भी लगाया गया है। लूट कांड के बाद जिले के सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है।

## नेता छोड़ रहे कांग्रेस का हाथ, एक बार फिर विदेश दौरे पर राहुल गांधी

नई दिल्ली। गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नेता लगातार कांग्रेस पार्टी छोड़ रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस पार्टी पर गहराते राजनीतिक संकट के बीच राहुल गांधी गुरुवार को 'भारत के लिए विचारों' को संबोधित करने के लिए लंदन के लिए रवाना हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 'आइडियाज फार इंडिया' सम्मेलन में शिरकत करेंगे। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख और महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि वह देश के वर्तमान और भविष्य के बारे में प्रवासी भारतीयों से भी बातचीत करेंगे। 23 मई को राहुल गांधी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में "75 पर भारतः एक लचीला-आधुनिक भारत के लिए चुनौतियां और आगे का रास्ता" विषय पर संबोधित करेंगे और वहां मौजूद लोगों से बातचीत करेंगे। लंदन में शुक्रवार को 'आइडियाज फार इंडिया' कार्यक्रम होना है। राहुल गांधी गुरुवार शाम लंदन पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में हिस्सा



लेने के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और प्रियांक खड़गे भी लंदन में हैं। विशेष रूप से उडश्क्क-19 महामारी के बाद यात्रा सामान्य होने के बाद राहुल गांधी के लिए यह पहला ऐसा विदेशी कार्यक्रम होगा। राहुल गांधी ऐसे समय में लंदन के लिए रवाना हुए हैं। जब कांग्रेस प्रमुख राज्यों के पार्टी नेताओं के पलायन से जूझ रही है। हार्दिक पटेल ने ऐसे समय में कांग्रेस छोड़ी है, जब भारतीय जनता पार्टी गुजरात विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरी तरह से जुट गई है। इससे पहले कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व प्रमुख सुनील जाखड़ ने पार्टी छोड़ दी थी। वहीं, कांग्रेस ने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के साथ मैराथन चर्चा की थी। उन्होंने पार्टी की एक समिति में शामिल होने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसके बाद कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने के लिए रोडमैप सहित पार्टी के सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-मंथन करने के लिए राजस्थान के उदयपुर में एक चिंतन शिविर आयोजित किया था।

## सपा नेता आजम खान को बड़ी राहत सुप्रीम कोर्ट ने मंजूर की अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। कोर्ट ने रामपुर में कोतवाली पुलिस थाना से जुड़े एक मामले में आजम खान को अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने आजम खान को दो सप्ताह की अवधि के भीतर संबंधित अदालत के समक्ष नियमित जमानत के लिए आवेदन करने की छूट दी है। कोर्ट ने कहा कि सक्षम अदालत द्वारा नियमित जमानत का फैसला होने तक अंतरिम जमानत जारी रहेगी। इससे पहले मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आजम खान की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने उनका पक्ष रखा था। गुरुवार को कोर्ट की तरफ से अंतरिम जमानत मिलने के बाद माना जा रहा है कि आजम खान जल्द ही जेल से बाहर आ जाएंगे। बता दें कि आजम खान के खिलाफ 80 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। अलग-अलग मामलों को लेकर वह पिछले कई महीनों से सीतापुर जेल में बंद हैं। आजम खान की अंतरिम जमानत को लेकर मंगलवार को भी अदालत में सुनवाई हुई थी। अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को सुप्रीमकोर्ट से बड़ी राहत। सुप्रीमकोर्ट ने आजम खान को अंतरिम जमानत दी। कोर्ट ने खान से नियमित जमानत केलिए अदालत में आवेदन करने को कहा। सुप्रीमकोर्ट ने अनुच्छेद 142 में प्राप्त विशेष शक्तियों का इस्तेमाल कर आजम खान को अंतरिम जमानत दी। आजम खां ने सीतापुर जेल में रहते हुए ही उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में रामपुर शहर सीट से सपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था। विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद आजम ने लोकसभा के सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया था।

## जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- अब यह भाई और बहन की पार्टी बनकर रह गई है

नई दिल्ली। नई दिल्ली में 'लोकतांत्रिक शासन के लिए वंशवादी राजनीतिक दल खतरा' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण उपकरण है। अगर वह स्वस्थ हो तो प्रजातंत्र स्वस्थ है। अगर वो अस्वस्थ है तो प्रजातंत्र अस्वस्थ है। इससे धीरे-धीरे प्रजातांत्रिक व्यवस्था पर आघात पहुंचने लगता है।

**पार्टी का स्वास्थ्य महत्वपूर्ण**– जेपी नड्डा ने कहा कि पार्टी का स्वास्थ्य कैसा है, उसके सिस्टम कैसे हैं, ये सब बहुत महत्वपूर्ण है। इस महत्व को समझते हुए हमें ये ध्यान रखना होगा कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्य क्या हैं, relation between leaders क्या हैं, संगठन की विचार प्रक्रिया क्या है।

**पारिवारिक पार्टियों का उद्देश्य सिर्फ सत्ता हासिल करना**– भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जो परिवारिक पार्टियां हैं, उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता पाना होता है। इनकी कोई विचारधारा नहीं है। इनके कार्यक्रम भी लक्ष्यविहीन होते हैं।

**परिवार के सदस्य ही संभालते हैं पार्टी की जिम्मेदारी**– उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल, हरियाणा में




क्छछऊ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राजद, पश्चिम बंगाल में दीदी- भतीजे की पार्टी है, झारखंड में बाबू जी के बुजुर्ग होने के बाद बेटे ने पार्टी संभाल ली। ओडिशा में बीजू जनता दल, आंध्रप्रदेश में YSRCP, तेलंगाना में TRS, तमिलनाडु में करुणानिधि परिवार, महाराष्ट्र में शिवसेना और NCP ये सब परिवार की पार्टियां हैं।

**भाई-बहन की पार्टी बनकर रह गई है कांग्रेस**– जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस भी अब न तो राष्ट्रीय रह गई है, न भारतीय और न ही प्रजातांत्रिक रह गई है। ये भी भाई-बहन की पार्टी बनकर रह गई है।

**सत्ता पाने के लिए किया जाता है धुर्वीकरण**– रीजनल पार्टियों को किसी भी तरह से सत्ता में आना होता है, इसलिए ये धुर्वीकरण करने में भी पीछे नहीं रहते हैं। फिर धुर्वीकरण चाहे जाति के आधार पर करें, या धर्म के आधार पर। राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को ताक पर रख दिया जाता है और सत्ता को पाने के लिए धुर्वीकरण किया जाता है।

**पारिवारिक पार्टियों में बदल गई हैं क्षेत्रीय पार्टियां**– क्षेत्रीय पार्टियों में धीरे धीरे कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। अब उन क्षेत्रीय पार्टियों में विचारधारा किनारे हो गई और परिवार सामने आ गए। इस तरह से क्षेत्रीय पार्टियां, परिवारवादी पार्टियों में बदल गई हैं।

## असम में बाढ़ से और बिगड़े हालात, करीब 7 लाख लोग प्रभावित, कछार में दो दिन के लिए स्कूल-कालेज बंद

नयी दिल्ली। असम में बाढ़ का कहर जारी है. बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कछार जिला प्रशासन ने जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों (सरकारी और निजी) और गैर जरूरी निजी प्रतिष्ठानों को 48 घंटे (19 और 20 मई) के लिए बंद कर दिया है।

**साढ़े छह लाख से ज्यादा लोग प्रभावित, 9 की मौत**– असम में बाढ़ की स्थिति बुधवार को और खराब हो गई। दरांग जिले में बाढ़ के चलते एक और व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद अब असम में मौजूदा प्री-मानसून बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। वहीं राज्य के 34 जिलों में से 27 में 6.62 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, 1,25,491 बच्चों और 2,44,216 महिलाओं सहित कम से कम 6,62,385 लोग प्रभावित हुए हैं और 27 जिलों के 1,414 गांवों में लगभग 8,260 घर आंशिक रूप से और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

**कई इलाकों में भूस्खलन**– भारी बारिश के चलते कई इलाकों में भूस्खलन भी हुआ है। न्यू कुंजंग, फियांगपुई, मौलहोई, नामजुरंग, दक्षिण बगेतार, महादेव टीला, कालीबाड़ी, उत्तरी बगेतर, सिय्योन और लोदी पंगमौल गांवों से भूस्खलन की सूचना मिली है। भूस्खलन के कारण जतिंगा-हरंगाजाओ और माहूर-फिडिंग में रेलवे लाइन ब्लाक हो गई है।

**अर्धसैनिक बल, एसडीआरएफ तैनात**– राहत और बचाव कार्य के लिए सेना, अर्धसैनिक बलों, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं, एसडीआरएफ, नागरिक प्रशासन और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को तैनात किया है। कछार जिला प्रशासन और असम राइफल्स के बीच एक संयुक्त उद्यम ने बाराखला इलाके में बाढ़ पीड़ितों को बचाया और उन्हें राहत शिविरों में भेजा है।

## संपादकीय

# महंगाई से हाहाकार

बढ़ती महंगाई ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। खाने-पीने के सामान, ईंधन और बिजली के दाम में इजाफा होने से थोक महंगाई लगातार 13वें महीने डबल डिजिट में बनी हुई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर अप्रैल में 15.08 फीसदी पर पहुंच गई। दिसंबर 1998 के बाद पहली बार थोक महंगाई दर 15 फीसदी के पार पहुंची है। दिसंबर 1998 में ये 15.32 फीसदी पर थी। इससे पहले ये मार्च 2022 में ये 14.55 फीसदी पर, जबकि फरवरी में 13.11 फीसदी पर थी। अप्रैल 2021 से थोक महंगाई डबल डिजिट में बनी हुई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार खाने-पीने की चीजों और ईंधन के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ रही है। थोक महंगाई के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने में सबसे बड़ा हाथ खाद्य से लेकर जिंसों तक की कीमतों में बढ़ोतरी का है। यहां बता दें कि इससे पिछले साल की समान अवधि में थोक महंगाई दर 10.74 फीसदी पर थी। खुदरा के बाद थोक महंगाई में हुए इस बड़े इजाफे पर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि अप्रैल 2022 में मुद्रास्फीति की उच्च दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, मूल धातुओं, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खाद्य पदार्थों, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों और रसायनों और रासायनिक उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के कारण थी। बढ़ती महंगाई को लेकर चौतरफा हाहाकार है। सीएनजी की कीमत में फिर से दो रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी करनी पड़ी है। विमान ईंधन की कीमत में पांच रुपए से अधिक वृद्धि हुई है। काफी समय तक रिजर्व बैंक ने अपनी ब्याज दरों में इसलिए कोई बदलाव नहीं किया, ताकि बाजार में पैसे का प्रवाह कुछ बढ़े। मगर ऐसा नहीं हुआ, तो उसे ब्याज दरों में परिवर्तन करना पड़ा। उसने रेपो दरों में चालीस आधार अंक की बढ़ोतरी कर दी। इससे बैंकों को कर्ज पर वसूली जाने वाली दरों में बढ़ोतरी का रास्ता खुल गया। कई बैंक अपनी दरों में वृद्धि कर चुके हैं। अभी भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी ब्याज दर में 0.1 फीसद की और बढ़ोतरी कर दी है। उसका मानना कि महंगाई अभी और बढ़ेगी। यानी घर, वाहन आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर बोझ कुछ और बढ़ेगा। रसोई गैस की कीमतें आम उपभोक्ता की पहुंच से दूर हो गई हैं। खुदरा महंगाई भी लगातार बढ़ रही है, जिससे लोगों को अपने रोजमर्रा के खर्चे में कटौती करनी पड़ रही है। पांच खरब की अर्थव्यवस्था बनाने का दम भरने वाली सरकार के सामने अब महंगाई पर काबू पाने का कोई उपाय भी नजर नहीं आ रहा। महंगाई का गणित कई चीजों पर निर्भर करता है। उसे किसी एक सूत्र को पकड़ कर नहीं साधा जा सकता। इसमें ईंधन की बढ़ती कीमतें बड़ी भूमिका निभा रही हैं। इसका सीधा असर उत्पादन लागत पर पड़ रहा है। ढुलाई महंगी होने से उभोक्ता तक पहुंचते-पहुंचते वस्तुओं की कीमतें कई गुना बढ़ जाती हैं। जब वस्तु की कीमत बढ़ती है, तो उसी के अनुसार उस पर लगने वाले करों में भी वृद्धि हो जाती है। इसी तरह हवाई यात्रा और निजी तथा सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करने वालों का दैनिक खर्च बढ़ जाता है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे वैट में कटौती करें, ताकि उपभोक्ता को कुछ राहत मिल सके। मगर इस दिशा में किसी राज्य ने पहल नहीं की। यह ठीक है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ी हुई है, जिसका असर हमारे यहां पड़ रहा है। मगर जब महंगाई अपने चरम पर पहुंच गई है, तो उत्पादन शुल्क घटाने पर विचार क्यों नहीं किया जा सकता। महंगाई की मार लोगों पर इसलिए भी अधिक पड़ रही है कि उनकी कमाई नहीं बढ़ रही। बहुत सारे लोग अपना रोजी-रोजगार-नौकरी गंवा चुके हैं। बहुतों ने अपने भविष्य निधि से पैसे निकलवा कर भी गुजारा चलाने का प्रयास कर लिया। ऐसे में अगर वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं, तो उनका जीना दूभर हो जाता है। खुद सरकार का दावा है कि वह देश के अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांट रही है। यानी इतने लोगों के हाथ में कोई रोजगार नहीं है। इसलिए सरकार को महंगाई पर काबू पाने के लिए समग्र रूप से विचार करने की जरूरत है।

## रही है चर्चा चल !



देना होगा काम पर ।
ठीक से अब ध्यान ।।
वरना ये जनमानस ।
ले सकता संज्ञान ।।
इधर-उधर के काम ।
रही है चर्चा चल ।।
बात हुई थी लेकिन ।
संवारना है कल ।।
राज बाहर आ रहे ।
गौर लायक बात ।।
हो गए अब शामिल ।
कैसे बिछे बिसात ?
आपसी टकराव का ।
ना दिख रहा हल ।।
रहे निहार केवल ।
मिले कहां से बल ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# वैवाहिक दुष्कर्म : क्यों लाद लें पश्चिमी सोच ?

वैवाहिक दुष्कर्म अपवाद की संवैधानिकता पर आये खंडित निर्णय से उन लोगों को अवश्य निराशा हुई होगी जो मान बैठे थे कि भारतीय परिवारों और पति-पत्नी संबंधों में एक कथित बड़े बदलाव के सूत्रधार वही बनेंगे। लंबी सुनवाई के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना बहुप्रतीक्षित निर्णय पिछले हफ्ते सुना दिया। यह खंडित रहा। दोनों पक्षों को सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने की स्वतंत्रता दी गई है। एक न्यायमूर्ति ने वैवाहिक दुष्कर्म अपवाद को असंवैधानिक बता कर रद्द किया और पीठ के दूसरे सदस्य ने इसे संवैधानिक बताया है। गैर सरकारी संगठनों-आरआईटी फाउंडेशन और आल इंडिया डेमोक्रेटिक वुमन एसोसिएशन सहित व्यक्तिगत तौर पर दो व्यक्तियों द्वारा दायर याचिकाओं में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 375(दुष्कर्म) के तहत वैवाहिक दुष्कर्म अपवाद की संवैधानिकता को चुनौती दी गई थी। दलील दी गई कि यह उन विवाहित महिलाओं के साथ भेदभाव करता है जिनका उनके पति यौन उत्पीड? करते हैं। दुष्कर्म कानून के तहत पतियों को दी गई छूट खत्म करने का अनुरोध किया गया था। कोर्ट ने 21 फरवरी को विस्तृत सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। धारा 375 में दिए गए अपवाद-दो के तहत एक पुरुष द्वारा अपनी पत्नी(नाबालिग नहीं है)के साथ यौन संबंध या यौन कृत्य दुष्कर्म नहीं है।

निर्णय सुनाते हुए जस्टिस राजीव शकधर ने कहा कि जहां तक मेरा मानना है धारा 375 और धारा 376(ई) का अपवाद-दो संविधान के अनुच्छेद 14,15,19(एक)(ए) और 21 का उल्लंघन है। ऐसे में इसे रद्द किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा, यदि गर्लफ्रेंड या लिव-इन पार्टनर के मना करने के बाद भी उसे बलपूर्वक शारीरिक संबंध के लिए मजबूर किया जाता है, तो पतियों को दुष्कर्म के आरोप से बचने का कवच क्यों मिले? वहीं, पीठ के दूसरे सदस्य जस्टिस सी हरिशंकर ने कहा कि मैं अपने विद्वान साथी से असहमत हूं। धारा 375 और धारा 376(ई) का अपवाद-दो संविधान के अनुच्छेद 14,19(एक)(ए) और 21 का उल्लंघन नहीं करते हैं। यह अपवाद स्पष्ट भेद पर आधारित है। इस विषय में उचित होगा कि हाल ही एक मामले में तलाक के लिए मंजूरी देते समय छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की खण्डपीठ द्वारा की गई टिप्पणी पर भी गौर किया जाए। खण्डपीठ ने कहा है, पति या पत्नी के साथ शारीरिक संबंध से इंकार करना क्रूरता के बराबर है। इस मामले में पत्नी ने पति के साथ क्रूरता का व्यवहार किया है। पति-पत्नी के बीच शारीरिक संबंध स्वस्थ वैवाहिक जीवन के लिए जरूरी है।



कथित वैवाहिक दुष्कर्म का मामला फिलहाल शांत होता नहीं प्रतीत हो रहा। अधिवक्ता कोलिन गोंसाल्वेस का कहना है कि देश कि अहम अदालतों में से एक दिल्ली हाईकोर्ट में अगर मूल भ्रम है तो यह दुख की बात है। इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। उधर, अधिवक्ता करुणा नंदी के अनुसार जस्टिस राजीव शकधर ने इस असंवैधानिक मानते हुए कहा है कि यह संविधान में उल्लिखित अनुच्छेद 14,15,19 और 21 का उल्लंघन करते हैं। आदेश में स्पष्ट है कि यदि शिकायत की जाती है तो उस पर सामान्य दुष्कर्म की शिकायत की तरह कार्रवाई की जानी चाहिए। इस विषय पर भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार का दृष्टिकोण बहुत ही संतुलित और यथार्थपरक रहा है। 2017 में एक हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा था कि वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध नहीं बनाया जा सकता। यह विवाह संस्था को अस्थिर कर सकता है और पतियों को परेशान करने का आसान साधन बन सकता है। वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध मानने की मांग पर समग्र दृष्टिकोण लिया जाना चाहिए। सरकार ने इसी वर्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा था, सिर्फ इसलिए कि अन्य देशों, ज्यादातर पश्चिमी देशों ने वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित कर दिया है, इसका मतलब यह नहीं है कि भारत को आंखें बंद करके उनका पालन करना चाहिए। साक्षरता, बहुसंख्यक महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण की कमी जैसे विभिन्न कारकों से भारत की अपनी समस्याएं हैं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महिला रिपोर्ट के अनुसार भारत उन 30 देशों में शामिल है, जहां वैवाहिक दुष्कर्म अपराध की श्रेणी में नहीं है। इनमें चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका, हैती, लाओस और माली सहित अधिकांश विकासशील देश शामिल हैं। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने फरवरी 2022 में राज्यसभा में घरेलु हिंसा पर एक प्रश्न पर बड़ा सटीक उत्तर दिया। उन्होंने कहा, इस देश में हर विवाह को हिंसक विवाह और प्रत्येक पुरुष को बलात्कारी मान कर निंदा करना सही नहीं है। भाजपा के सुशील मोदी ने भी तर्कपूर्ण टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा, वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध मानने पर यह विवाह संस्था को ही खत्म कर देगा। यह साबित करना कठिन हो जाएगा कि कब पत्नी ने सहमति दी थी या नहीं। मोदी की बात में दम है। वैवाहिक दुष्कर्म घर के अंदर की वह घटना है जिसका कोई गवाह नहीं हो सकता। इसकी सत्यता या असत्यता को कैसे सिद्ध किया जाएगा? कोई महिला कहती है कि उसके पति ने उसके साथ दुष्कर्म किया है तो क्या उसके एक पक्षीय दावे को सच मान कर पति को सजा दे दी जाएगी? फिर महिला और पुरुषों के बीच समानता की बात करने के दावों का क्या मतलब रह जाएगा? लेखिका और वृत्तचित्र निमार्ता दीपिका नारायण भारद्वाज की एक टिप्पणी अखबार में प्रकाशित हुई थी। उनके अनुसार भारत में पति और पत्नी के बीच यौन संबंधों को दुष्कर्म के दायरे में लाए जाने को लेकर व्यक्त की जा रहीं चिंताओं में एक यह है कि दुर्भावना रखने वाली पत्नी द्वारा पति और उसके परिवार को परेशान करने के लिए दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाये जा सकते हैं। 2005 में सुप्रीम कोर्ट ने दहेज उत्पीड? कानूनों के दुरुपयोग को कानूनी आतंकवाद करार दिया था। इसके बाद 2014 में दहेज उत्पीड? के मुकदमों में पतियों की तत्काल गिरफ्तारी नहीं किए जाने के निर्देश पारित किए। इसके बाद से एक बड़ा बदलाव यह देखा गया कि वैवाहिक विवादों में दहेज उत्पीड? के साथ घरेलू हिंसा और अप्राकृतिक यौन शोषण की धाराएं जुड़वाई जाने लगी। मकसद पति और उसके परिवार वालों की गिरफ्तारी होता है। फरवरी 2022 में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एस अब्दुल नजीर और जस्टिस कृष्णमुरारी की पीठ ने बिहार के एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि देश में वैवाहिक मुकदमेबाजी काफी बढ़ गई है। विवाह संस्था को लेकर अब पहले से अधिक असंतोष और टकराव है। पति और उसके रिश्तेदारों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना दंड संबंधी धारा 498ए जैसे प्रावधानों का हथियार की तरह उपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। कल्पना कर सकते हैं कि वैवाहिक दुष्कर्म के नाम से अगर नया कानून बना दिया जाता है तब इसका दुरपयोग रोकना कितना कठिन हो जाएगा। कोई निर्दोष पति कैसे साबित करेगा कि उसकी पत्नी झूठ बोल रही है। किसी महिला द्वारा दुष्कर्म का आरोप लगाये जाने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने से इंकार नहीं कर सकती। भविष्य में यदि पति निर्दोष करार दिया जाता है तब उसके उन सालों को कौन लौटाएगा जो उसने खुद को बेदाग साबित करने में खपा दिए। झूठा आरोप लगाने वाली पत्नी को इसकी सजा मिलेगी? वैसे, अशोकनगर में सामूहिक बलात्कार का झूठा आरोप लगाने वाली एक महिला को सत्र न्यायालय ने दस वर्ष कैद की सजा सुनाई है। बहरहाल, वैवाहिक दुष्कर्म पर नया कानून बनाने से पहले व्यापक विचार-विमर्श और चिंतन अवश्य होना चाहिए। पुरुषों की गरिमा पर प्रहार होने पर समाज में बिखराव के साथ विवाह संस्था का कमजोर होना तय है।

# प्रधानमंत्री का नेपाल दौरा दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने में सफल रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नेपाल की यात्रा की, यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब विश्व का बहुत बड़ा हिस्सा युद्ध और हिंसा के वातावरण के दौर से गुजर रहा है। विश्व के कई देश कोविड महामारी के बाद आंतरिक अशांति से गुजर रहे हैं तथा पूरा विश्व समुदाय भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है। इसके अतिरिक्त ये ऐसा समय है जब नेपाल में बहुत दिनों के बाद भारत का समर्थन करने वाली सरकार बनी है।

ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के पहले वाली सरकार पर चीन का प्रभुत्व था और चीन की शह पर नेपाल भारत के खिलाफ चल पड़ा था यहाँ तक कि उसने भारत के कुछ हिस्सों पर अपना दावा भी पेश करना शुरू कर दिया था जिसके कारण नेपाल और भारत सरकार के बीच सम्बन्धों की मधुरता समाप्त प्राय हो गयी थी। इसी बीच नेपाल में आंतरिक राजनैतिक उठापटक हुई और शेर बहादुर देउबा वहां के नए प्रधानमंत्री बने जिसके बाद अब एक बार फिर भारत और नेपाल के बीच सकारात्मक वातावरण बना है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन नेपाल पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी स्थित माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और विश्व शांति का वरदान मांगा। प्रधानमंत्री ने वहां अशोक स्तम्भ के भी दर्शन किये और दीप जलाये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से लुम्बिनी में नेपाल की जनता को संबोधित किया वह एक बहुत ही सुखद व सकारात्मक संदेश दे रहा था और वह संबोधन कई मायने में ऐतिहासिक कहा जायेगा क्योंकि उसमें चीन सहित उन सभी लोगों को संदेश दिया गया जो यह समझ रहे थे कि नेपाल और भारत के बीच अब खाई इतनी गहरी हो गयी है कि उसे भर पाना बहुत ही मुश्किल है।

प्रधानमंत्री ने धर्म, आस्था, संस्कृति के समागम के साथ भारत-नेपाल मैत्री के नये युग की शुरूआत के संकेत दिये। प्रधानमंत्री ने अपनी नेपाल यात्रा के माध्यम से सारनाथ से लुंबिनी वाया कुशीनगर के विकास का खाका तैयार कर दिया है। इस बीच भारत और नेपाल के मध्य छह समझौते भी हुए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के मध्य द्विपक्षीय वार्ता भी हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री का लुंबिनी में स्वागत वास्तव में बहुत अभूतपूर्व रहा। जब वह मायादेवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाहर निकले तो लोग उनको देखने और उनसे मिलने के लिए आतुर हो रहे थे। सड़क के दोनों ओर खड़े लोग भारत माता की जय की नारे लगा रहे थे। वहां के जनमानस में भारत के प्रति प्रेम उमड़ रहा था। ऐसा प्रतीत ही नहीं हो रहा था कि यह लोग चीन की भारत विरोधी नीतियों से प्रभावित हो सकते हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी में वहां उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया और लोगों ने जिस प्रकार से मोदी-मोदी के नारे लगाकर उनका स्वागत और समर्थन किया उससे भारत के प्रति उनके सहज प्रेम का अनुमान पूरे विश्व को हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी में अपने सम्बोधन में कहा कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर से नेपाल के लोग भी खुश हैं जिसके बाद वहां उपस्थित जनसमुदाय में आनंद की नयी लहर दौड़ गयी। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु राम के युग से ही नेपाल भारतीयों के लिए आस्था का केंद्र रहा है क्योंकि वह माता सीता का घर है। दोनों देश मिलकर मानवता के लिए काम करेंगे और पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के शांति के संदेश को पहुंचाएंगे।

## परात्पर गुरु डॉ. आठवलेजी का हिन्दू राष्ट्र स्थापना का ईश्वरीय कार्य ! विषय पर विशेष संवाद !

### परात्पर गुरु डॉ. आठवलेजी ने दी हिन्दू राष्ट्र स्थापना की दिशा सबलोग आचरण में लाएं ! - पू. शिवनारायण सेन



पिछले 800 वर्षों से मौलवी, मिशनरी तथा मार्क्सवादी इन सभी ने भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया । देश में 100 करोड से अधिक हिन्दू होते हुए भी देश में हिन्दुओं के विरोध में छिप-छिपकर कानून बनाए गए । ऐसे समय में परात्पर गुरु डॉ. जयंत आठवलेजी ने 'भारत हिन्दू राष्ट्र बनना चाहिए' यह संकल्प सभी के सामने रखा । तब हमें आश्चर्य होता था तथा असंभव लगता था; पर अब रामजन्मभूमि का निर्माण, काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए लडाई, ऐसी अनेक घटनाओं को देखें तो अब हिन्दू राष्ट्र स्थापना की दृष्टि से हिन्दू कृतीशील हो रहे हैं । अब हिन्दू राष्ट्र की स्थापना सत्य में साकार होती दिख रही है । सनातन संस्था के संस्थापक परात्पर गुरु डॉ. आठवले जी ने हिन्दू राष्ट्र स्थापना की जो दिशा दी है, उसके अनुसार सभी ने आचरण करना चाहिए, ऐसा आवाहन पशचिम बंगाल के 'शास्त्र धर्म प्रचार सभा'के सचिव पू. शिवनारायण सेनजी ने किया । हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से आयोजित 'परात्पर गुरु डॉ. आठवलेजी का हिन्दू राष्ट्र स्थापना का ईश्वरीय कार्य !' इस ऑनलाइन विशेष संवाद में वह बोल रहे थे । इस समय अपने अनुभव बताते हुए 'पितांबरी प्रॉडक्ट्स प्रा. लि.'के प्रबंध संचालक श्री. रवींद्र प्रभुदेसाईजी ने कहा कि, पहले मैं विविध हिन्दुत्वनिष्ठ और सामाजिक संगठनों के साथ कार्य करता था, साथ ही अध्यात्म के ग्रंथों को पढता था; पर जिस समय सनातन के संपर्क में आया, तब संस्था के संस्थापक परात्पर गुरु डॉ. आठवले जी द्वारा अध्यात्म का वैज्ञानिक भाषा में किया गया विवेचन अच्छा लगा । आगे साधना करने पर मुझे खरे अर्थों में आनंद और समाधान मिला । जो पहले कहीं भी नहीं मिला था । इस समय सनातन संस्था के धर्मप्रचारक श्री. अभय वर्तक बोले कि, परात्पर गुरु डॉ. जयंत आठवलेजी ने उनके गुरु के आशीर्वाद से सनातन संस्था की स्थापना कर हजारों लोगों को साधना में लगाया । साथ ही अध्यात्म का शास्त्रीय भाषा में प्रचार किया । आगे विश्वकल्याण के लिए ईश्वरीय राज्य अर्थात हिन्दू राष्ट्र की स्थापना होनी चाहिए, इसलिए देशभर में हिन्दू राष्ट्र जागृति सभाओं का आयोजन कर हिन्दू राष्ट्र के कार्य को गति दी । देशभर में हिन्दुओं को धर्मशिक्षा देने के लिए सत्संग और धर्मशिक्षा वर्ग आरंभ किए । हिंदुओं को धर्मकार्य के लिए संगठित किया । इसके लिए परात्पर गुरु डॉ. आठवलेजी ने वैज्ञानिक परिभाषा में अध्यात्म, साधना, आचारधर्म, आयुर्वेद, हिन्दू राष्ट्र आदि विविध विषयों पर 354 ग्रंथों की 17 भाषाओं में 88 लाख 84 हजार प्रतियां प्रकाशित की हैं । आज हिन्दू राष्ट्र स्थापना के लिए आध्यात्मिक बल देने का कार्य सनातन संस्था कर रही है । कोल्हापुर में शिवसेना के करवीर तालुका प्रमुख श्री. राजू यादव बोले कि, छत्रपति शिवाजी महाराजजी ने स्वयं साधना की और मावळों को अर्थात सैनिकों को तैयार कर हिन्दवी राज्य की स्थापना की । उसी प्रकार हम भी साधना के बल पर हिन्दू राष्ट्र ला सकते हैं, यह परात्पर गुरु डॉ. आठवलेजी ने बताया है । आज हिन्दू राष्ट्र का विषय सर्वत्र चर्चा में है और उस दृष्टि से हम सब लोग मार्गक्रमण कर रहे हैं ।

# चिंतन से मिटेगी कांग्रेस की चिंता

राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस पार्टी का तीन दिवसीय चिंतन शिविर संपन्न हो गया है। एक लंबे अरसे के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस चिंतन शिविर में पार्टी के 400 से अधिक वरिष्ठ नेताओं ने भाग लेकर लगातार तीन दिनों तक इस बात का चिंतन मनन किया की पार्टी को भविष्य में आम मतदाताओं से कैसे जोड़ा जाए। कांग्रेस के गिरते जनाधार को लेकर पार्टी नेता बहुत अधिक चिंतित नजर आ रहे हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद कांग्रेस पार्टी 2014 व 2019 में दो बार लोकसभा चुनाव हार चुकी है। इसके साथ ही कांग्रेस राज्य विधानसभाओं के चुनाव भी लगातार हारती जा रही है।

कभी देश पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी के पास इस समय लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद भी नहीं है। अपने बूते पार्टी सिर्फ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही सरकार चला रही है। महाराष्ट्र, झारखंड में कांग्रेस छोटे दल के रूप में गठबंधन की सरकार में शामिल है। राज्यसभा में भी कांग्रेस की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। ऐसी परिस्थितियों में पार्टी नेताओं का चिंतित होना स्वाभाविक ही है। कुछ समय से कांग्रेस पार्टी में कई वरिष्ठ नेता जी-23 नामक समूह बनाकर गांधी परिवार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। ऐसे में चिंतन शिविर का आयोजन कर कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

इस चिंतन शिविर से निकले विमर्श के बाद कांग्रेस पार्टी में कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। चिंतन शिविर में नेताओं के आपसी विचार विमर्श के बाद सभी ने एक सुर में गांधी परिवार के प्रति आस्था जतायी। जो पार्टी नेतृत्व पर गांधी परिवार की पकड़ को दशार्ता है। चिंतन शिविर में जुटे सभी नेता इस बात से चिंतित नजर आ रहे थे कि यदि कांग्रेस का जनाधार इसी तरह कम होता गया तो आने वाले समय में पार्टी हाशिए पर चली जाएगी। ऐसी ऐसी स्थिति से बचने के लिए सभी को एक साथ मिलकर जनाधार बढ़ाने के प्रयास करने होंगे।

उदयपुर के चिंतन शिविर में पार्टी नेतृत्व कई कड़वी सच्चाई से अवगत भी हुआ और उन्हें सार्वजनिक रूप से स्वीकार भी किया। शिविर के खत्म होने पर अपने भाषण में राहुल ने साफ तौर पर कहा कि जनता से हमारा सम्पर्क टूट गया है। हमें बिना सोचे जनता के बीच जाकर बैठ जाना चाहिए। हमें उस सम्पर्क को हमें फिर से बनाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी को आम लोगों से अपने संवाद के तरीके में भी बदलाव करना पड़ेगा। अपने उदयपुर दौरे से राहुल गांधी ने अपनी बॉर्न विद द् सिल्वर स्पून इन माउथ यानि कि चांदी का चम्मच लेकर पैदा होने वाली इमेज को खत्म करने की कोशिश की है। इसी के चलते आमतौर पर हवाई जहाज से सफर करने वाले राहुल गांधी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ इस बार दिल्ली से उदयपुर तक रेल से यात्रा की। राहुल गांधी हर स्टेशन पर ट्रेन से निकलकर कार्यकताओं से मिले। ताकि खुद का लोगों से जुड़ाव दिखा सके। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर कुलियों से भी मुलाकात की। उदयपुर पहुंचने के बाद रेलवे स्टेशन से होटल तक जिस बस में अन्य नेताओं को जाना था उसी बस में



राहुल भी सवार होकर गए। उदयपुर के होटल ताज अरावली में राहुल गांधी के लिए लग्जरी प्रेजिडेंशियल सुईट बुक था। मगर राहुल गांधी सामान्य कमरे में रुके। जहां कांग्रेस के अन्य दूसरे नेता रूके थे। इस दौरान डिनर टेबल और मीटिंग्स में भी राहुल गांधी काफी सहज नजर आए। राहुल गांधी ने दिल्ली वापसी के दौरान भी चार्टर प्लेन के स्थान पर नियमित विमान से ही यात्रा की। कांग्रेस के इस चिंतन शिविर के समापन पर पार्टी में होने वाले कई बड़े सुधारों की भी घोषणा की गई थी। जिसमें मुख्य रूप से पार्टी में युवाओं की भूमिका बढ़ाने पर जोर दिया गया है। पार्टी में एक परिवार एक टिकट का फामूर्ला लागू करने, संगठन में हर स्तर पर युवाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने और अगले लोकसभा चुनाव से 50 प्रतिशत टिकट 50 साल से कम उम्र के लोगों को देने पर का भी फैसला किया गया है। इस चिंतन शिविर के समापन के बाद कांग्रेस पार्टी की तरफ से उदयपुर नव संकल्प जारी किया गया। जिसमें राजनीतिक मुद्दों, संगठन से जुड़े विषयों, पार्टी के भीतर सुधारो, कमजोर तबकों को फिर से साथ जोड़ने, युवाओं, छात्रों और आर्थिक मुद्दों पर पार्टी का नजरिया रखा गया। साथ ही आगे के कदमों का भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया। कांग्रेस के चिंतन शिविर के समापन के अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस शिविर को बहुत सार्थक और उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि हम 2 अक्टूबर गांधी जयंती से कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत करेंगे। हम सब लोग इसमें भाग लेंगे। यात्रा का मकसद सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना और संविधान के उन बुनियादी मूल्यों की रक्षा करना है जिस पर हमला हो रहा है। उन्होंने बताया कि 15 जून से जिला स्तर पर जन जागरण अभियान का दूसरा चरण आरंभ होगा जिसमें बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दों को पुरजोर ढंग से उठाया जाएगा। चिंतन शिविर के समापन के मौके पर सोनिया गांधी ने घोषणा की कि कांग्रेस कार्य समिति के कुछ सदस्यों को लेकर अब एक सलाहकार समूह बनाया जाएगा। सोनिया गांधी ने कहा कि एक समग्र कार्य बल बनेगा जो उन आंतरिक सुधारों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा। जिन पर इस चिंतन शिविर में चर्चा हुई है। यह सुधार 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर किए जाएंगे और इसमें संगठन के सभी पहलुओं को शामिल किया जायेगा। शिविर में पार्टी ने पब्लिक इनसाइट विभाग, राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान और चुनाव प्रबंधन विभाग का गठन करने और स्थानीय स्तर पर मंडल समितियां बनाने का भी फैसला किया है। कांग्रेस पार्टी ने इससे पूर्व 1998 में मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में पहला चिंतन शिविर का आयोजन किया था। उस दौरान भी पार्टी केंद्रीय सत्ता से बाहर थी और आज की तरह कई चुनौतियों का सामना कर रही थी। उस शिविर में कांग्रेस पार्टी ने फैसला किया था कि उन्हें चुनाव जीतने के लिए किसी पार्टी से गठबंधन की जरूरत नहीं है। पार्टी को भरोसा था कि पार्टी अपने नेताओं के बल पर चुनाव जीतेगी। 2003 में पार्टी ने शिमला में चिंतन शिविर का आयोजन किया था। इस शिविर में कांग्रेस पार्टी ने गठबंधन की अहमियत को समझा और गठबंधन की राह पर जाने का फैसला किया। जिसकी बदौलत 2004 में कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाने में सफल रही और लगातार 10 वर्ष तक केंद्र में शासन किया। कांग्रेस का तीसरा चिंतन शिविर 2013 में जयपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें राहुल गांधी को नेता प्रोजेक्ट करना मुख्य उद्देश्य था। उस शिविर के बाद राहुल गांधी को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि 2013 के चिंतन शिविर के बाद कांग्रेस पार्टी की हालत लगातार कमजोर होती चली गई। जिसके चलते पार्टी ने इस बार फिर उदयपुर में चिंतन शिविर का आयोजन किया है। ऐसा लगता है कि इस चिंतन शिविर के बहाने कांग्रेस पार्टी अपनी आंतरिक कमजोरियों को दूर करेगी और 2024 का लोकसभा चुनाव पूरी ताकत लगा लगा कर लड़ेगी। इस चिंतन शिविर के बाद राहुल गांधी को एक बार फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

# योग से पहले-योग के बाद कभी ना करें ये गलतियां



योगाभ्यास करने का एक नियम होता है। अगर आप योगाभ्यास करते हैं या शुरू करने वाले हैं तो आपको जरूर मालूम होना चाहिए कि वो कौन-कौन से कार्य हैं, जो योग करने से पहले और उसके बाद नहीं करने चाहिए?

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज की तनाव भरी जीवनशैली से राहत दिलाने में योग का बहुत महत्व है। योग हमारे शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाने में बहुत कारगर होता है। लेकिन योगाभ्यास करने से पहले और उसके बाद कुछ कार्यों की मनाही होती है। इस बारे में हम दे रहे हैं जरूरी सलाह।

### योग करने से पहले

- योग करने से पहले कभी भी भरपेट खाना ना खाएं। भूख लगी हो तो भी योग ना करें। पहले कुछ खा लें फिर आधा घंटे आराम के बाद योग करें।
- योग करने से पहले बहुत ज्यादा पानी ना पीएं। योग करने के कम से कम आधे घंटे पहले भरपेट पानी पी लें। लेकिन बहुत सारा पानी पीने के तुरंत बाद योग कभी ना करें। हां, घूंट-घूंट चाहे तो पानी पी सकते हैं।



- ज्यादा धूप निकलने के बाद योग ना करें। बेहतर है ब्रह्म मुहूर्त (सुबह 4 बजे से लेकर 5:30 बजे तक) में योग करें।
- योग करने से पहले शरीर को वार्मअप कर लें, लेकिन बहुत हार्ड एक्सरसाइज ना करें। अगर स्लिप डिस्क की समस्या है तो किसी एक्सपर्ट की देख-रेख में ही योग करें।
- यूं तो गर्भवती महिलाओं के लिए कई तरह के योग फायदेमंद हैं। लेकिन उन्हें भी इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि बिना एक्सपर्ट की सलाह के योग ना करें। अगर किसी भी तरह की सर्जरी हुई हो तो योग भूलकर भी ना करें।
- बिना शौच गए भी योग ना करें। अगर पेट साफ ना हुआ हो तो पहले पेट साफ करने की कोशिश करें, फिर योग करें।

### योग करने से बाद

- योग करने के बाद तुरंत ना नहाएं। ध्यान रखें योगासन करने से शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है और शरीर का तापमान बढ़ जाता है, इससे सर्दी, जुकाम जैसी समस्याएं घेर लेती हैं।
- योग के तुरंत बाद खाना ना खाएं। बहुत भूख लगी हो तो भी दो-चार बादाम खा लें या आधा सेब खा लें, इससे ज्यादा कुछ भी ना खाएं।
- योग करने के तुरंत बाद पानी भी ना पीएं। जैसे पहले भी बहुत ज्यादा पानी पीने की मनाही होती है। कम से कम 45 मिनट तक पानी नहीं पीना चाहिए वरना कफ की समस्या हो सकती है।
- योग करने के तुरंत बाद कोई परिश्रम वाला काम ना करें। कुछ देर आराम कर लें।
- योग करने के तुरंत बाद लंबी यात्रा ना करें। इसके साथ ही योग करने के तुरंत बाद कोई दूसरी हाईइंटेंसिटी वाली कसरत भी ना करें। *

---

दुनिया में अंधेपन की एक बड़ी वजह है, ग्लूकोमा या काला मोतिया। इस रोग के अधिकतर मामलों में रोगी को शुरुआत में कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोगों में इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाई जाए। ग्लूकोमा के कारण, लक्षण, डायग्नोसिस, इलाज और बचाव के तरीकों के बारे में डिटेल में जानिए।

# अंधेपन का कारण बन सकता है ग्लूकोमा

आंखों की गंभीर बीमारियों में से एक ग्लूकोमा या काला मोतिया भी है, जिसे साइलेंट साइट स्नेचर भी कहा जाता है। लेकिन जागरूकता की कमी के कारण यह बीमारी शुरुआती स्टेज में आसानी से डायग्नोज नहीं हो पाती। मरीज को पता ही नहीं चल पाता कि वह ग्लूकोमा का शिकार है। लक्षणों का पता देर से लगने और समुचित उपचार ना कराने पर ग्लूकोमा धीरे-धीरे बढ़ता जाता है। आंखों की ऊपरी सतह को तो प्रभावित करता ही है, आंखों की रोशनी भी छीन लेता है। ग्लूकोमा को अंधेपन का दूसरा बड़ा कारण माना जाता है। अगर थोड़ा सतर्क रहा जाए, तो इस बीमारी को समय रहते ना सिर्फ डायग्नोज किया जा सकता है, बल्कि बढ़ने से रोका भी जा सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया भर में 10 में से एक आदमी ग्लूकोमा से पीड़ित है। हमारे देश के करीब 1 करोड़ 20 लाख लोग इससे पीड़ित हैं। इनमें 40 साल से अधिक उम्र के लोग ज्यादा पीड़ित होते हैं, लेकिन आनुवांशिक बीमारी होने के नाते छोटी उम्र के बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। नवजात शिशुओं की आंखों के एंगल में दोष होने के कारण जन्मजात ग्लूकोमा हो सकता है।

### क्या है ग्लूकोमा

इस रोग को समझने से पहले आंखों की संरचना को समझना होगा। हमारी आंखों के कॉर्निया के पीछे सीलियरी टिशूज मौजूद होती हैं, जिनसे एक्वेस ह्यूमर तरल पदार्थ निरंतर बनता रहता है और बाहर निकल कर पुतलियों से होता हुआ आंख के भीतरी हिस्से में जाता है। इस प्रक्रिया से आंखें स्वस्थ रहती हैं, उन्हें सही आकार और पोषण मिलता है। आंखों में नमी बनी रहती है यानी ड्राई आइज की समस्या नहीं होती है। लेकिन जब इस प्रक्रिया में किसी तरह व्यवधान आता है, तो आंखों पर इंट्राऑक्युलर प्रेशर बढ़ने लगता है। आंख के सीलियरी टिशूज भी डैमेज या ब्लॉक होने लगते हैं, जिससे एक्वेस ह्यूमर का प्रवाह कम होता जाता है। इससे मस्तिष्क को विजुअल सिग्नल भेजने वाली आंखों की ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचता है, जिससे आई साइट धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है। इस स्थिति को ओपन एंगल ग्लूकोमा कहा जाता है। ध्यान ना देने पर आंखों में प्रेशर अधिक बढ़ जाता है, जिससे आंखों में सीलियरी टिशूज से निकलने वाला एक्वेस ह्यूमर तरल पदार्थ का प्रवाह बंद हो जाता है। आंखों से धुंधला दिखाई देता है या दिखाई देना बंद हो जाता है यानी अंधेपन की स्थिति आ जाती है। इस स्थिति को क्लोज एंगल ग्लूकोमा कहा जाता है।

### रोग का कारण

आनुवांशिक या फैमिली हिस्ट्री में किसी को ग्लूकोमा रहा है, तो उस परिवार के सदस्य किसी भी उम्र में ग्लूकोमा का शिकार हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी में बच्चे की आंखों में सीलियरी टिशूज की बनावट में कमी होने से एक्वेस ह्यूमर तरल पदार्थ का प्रवाह ठीक तरह नहीं हो पाता। ऐसे बच्चे जन्मजात ग्लूकोमा से पीड़ित होते हैं, जिनका समुचित इलाज ना किए जाने पर आंखों की रोशनी जा सकती है। लंबे समय तक स्टेरॉयड लेने के कारण अस्थमा, आर्थराइटिस जैसी बीमारियों के मरीजों में भी ग्लूकोमा होने की आशंका रहती है। आंखों में किसी तरह की चोट लगने या सर्जरी होने से भी ग्लूकोमा का खतरा रहता है। डायबिटीज, हार्ट डिजीज या ब्लड प्रेशर के मरीज भी ग्लूकोमा के हाई रिस्क में आते हैं।





### रोग के लक्षण

ग्लूकोमा के शुरुआती लक्षण अकसर पकड़ में नहीं आते हैं। फिर भी अगर इनमें से 2-3 लक्षण दिखें तो आई स्पेशलिस्ट से कंसल्ट करना चाहिए-

- आई साइट कमजोर होने से चश्मे के नंबर में बार-बार बदलाव आना।
- आंखें अकसर लाल रहना, ड्राईनेस और भारीपन होना।
- शाम को आंखों या सिर में दर्द रहना, चक्कर आना, घबराहट महसूस होना।
- धुंधला दिखाई देना, जलते हुए बल्ब के चारों ओर इंद्रधनुषी रंग दिखना।
- अंधेरे कमरे में आने पर चीजों पर ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत महसूस होना।
- साइड विजन को नुकसान पहुंचना।
- बच्चों की आंखों का साइज बढ़ना यानी एक आंख छोटी और एक बड़ी महसूस होना। आई बॉल का रंग सफेद होना।

### डायग्नोसिस

आई स्पेशलिस्ट, रेटिनल नर्व फाइबर लेयर एनालिसिस (आरएनएफएल) और विजुअल फील्ड टेस्ट से ग्लूकोमा की स्थिति का पता लगाते है। इसके अलावा आई प्रेशर मैनेजमेंट के लिए टोनोमेटरी टेस्ट, ऑप्टिक नर्व के लिए ऑप्टिक नर्व मॉनिटरिंग, कम लाइट में कॉर्निया के लिए पेरीमेटरी टेस्ट भी किए जाते हैं।

### ट्रीटमेंट के तरीके

इसके इलाज के लिए आंखों में बढ़े हुए प्रेशर को कम करने के लिए आई स्पेशलिस्ट मेडिसिन देते हैं और नियमित रूप से डालने के लिए आई ड्रॉप्स देते हैं। सबसे जरूरी है कि नियमित अंतराल पर चेकअप कराएं ताकि किसी तरह की समस्या होने पर उपचार किया जा सके। लेकिन अगर मेडिसिन कारगर नहीं हो रही हैं, तब लेजर सर्जरी से आंखों की ऑप्टिकल नर्व को ठीक कर ग्लूकोमा को नियंत्रित किया जाता है। मरीज की स्थिति के हिसाब से ऑर्गन लेजर ट्रेबेकुलोप्लास्टी, सेलेक्टिव लेजर ट्रेबेकुलोप्लास्टी, लेजर पेरिफेरल इरिडोटोमी सर्जरी की जाती है। सर्जरी के बाद मरीज को आंखों को धूल-मिट्टी से बचाने, आंखों को मसलने से मना किया जाता है। *



#### ग्लूकोमा से बचाव के उपाय



**ग्लूकोमा से** बचने के लिए सही समय पर इसकी पहचान करना और कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए-

- 35 की उम्र के बाद हर साल दो बार, 40-54 साल में 3 बार, 55-64 साल में 2 बार और 65 साल के बाद हर 6 महीने के बाद नियमित आरएनएफएल टेस्ट कराना चाहिए। इसमें विजन टेस्ट के अलावा रेटिना इवेल्यूशन और विजुअल फील्ड टेस्ट कराना चाहिए।
- आनुवांशिक बीमारी होने के कारण बच्चों का आइज चेकअप जरूर कराना चाहिए।
- चश्मे का नंबर जल्दी-जल्दी बदल रहा है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- आंखों में दर्द होने या आंखें लाल होने पर जितना जल्दी हो सके, आई स्पेशलिस्ट से संपर्क करें।
- आंख में किसी भी तरह की चोट लगने या सर्जरी होने पर समय-समय पर चेकअप कराते रहें ताकि ग्लूकोमा के खतरे को टाला जा सके।
- पौष्टिक तत्वों खासकर विटामिन ए, बी, सी और ई से भरपूर संतुलित आहार लें। आहार में हरी सब्जियां, फल, दूध, ड्राई फ्रूट्स, सोया उत्पाद का अधिक सेवन करें। मिर्च-मसाले युक्त आहार, अचार, ऑयली फूड से परहेज करें। एल्कोहल, बीड़ी-सिगरेट या नशीले पदार्थों के सेवन से बचें। *

---

फिटनेस के लिए डेली करता हूं

# एक्सरसाइज-मेडिटेशन

टीवी एक्टर-डांसर फैजल खान के फैंस उनकी फिटनेस के भी कायल हैं। अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद वे अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहते हैं। अपनी फिटनेस का सीक्रेट **हरिभूमि** से शेयर कर रहे हैं फैजल खान।



कई सीरियल्स में एक्टिंग कर चुके फैजल खान, बहुत अच्छे डांसर भी हैं। उन्होंने डांसिंग में बहुत से खिताब जीते हैं। इन दिनों फैजल सब टीवी के सीरियल 'धर्मयोद्धा गरुड़' में गरुड़ देव की भूमिका निभा रहे हैं। इसमें फैजल काफी फिट-हेल्दी नजर आ रहे हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए क्या रहता है उनका रुटीन और डाइट प्लान, जानिए उन्हीं की जुबानी।

### मेडिटेशन-एक्सरसाइज

मैं अपनी मेंटल फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए हर दिन की शुरुआत मेडिटेशन से करता हूं। डेली सुबह फ्रेश होने के बाद कुछ देर मेडिटेशन जरूर करता हूं। इससे कितना भी हेक्टिक शेड्यूल हो, पूरे दिन मैं स्ट्रेस से बचा रहता हूं। वर्कआउट के लिए मैंने शाम का समय तय कर रखा है। ईवनिंग टाइम में शूटिंग से फ्री होने के बाद मैं जिम जरूर जाता हूं। मैं जिम जाना कभी भी मिस नहीं करता। वहां मैं डेली कुछ देर एक्सरसाइज करता हूं। इस हैबिट की वजह से ही मैं अपनी फिजिकल फिटनेस को मेंटेन कर पाता हूं।

### डाइट प्लान

डेली ब्रेकफास्ट में मैं 6 अंडों के व्हाइट पार्ट से बना ऑमलेट, ब्रेड के साथ लेता हूं। नाश्ते और लंच के बीच कोई मिनी मील नहीं लेता हूं। लंच में राइस और ब्रोकली लेना पसंद करता हूं। यह काफी न्यूट्रिशस होता है। डिनर हैवी नहीं लेता हूं। इसमें प्रोटीन और फाइबर रिच फूड्स लेना प्रेफर करता हूं। घर हो या बाहर, मेरी कोशिश रहती है कि मैं हमेशा हेल्दी फूड्स ही लूं। इसलिए जंक फूड बिल्कुल भी नहीं खाता, जितना हो सके उसे अवॉयड करता हूं। मेरा मानना है कि यह डाइट प्लान, मेरी फिटनेस को बनाए रखने में काफी हेल्पफुल है।



### नाइट शेड्यूल

रात में फिक्स टाइम पर ही डिनर लेता हूं। सोने से एक-दो घंटे पहले ही अपना डिनर कर लेता हूं। उसके बाद थोड़ा रेस्ट करता हूं, फैमिली के साथ टाइम स्पेंड करता हूं। उसके बाद सोने जाता हूं और प्रॉपर नींद लेता हूं। हेल्दी और फिट रहने के लिए रोज अच्छी नींद लेना भी बहुत जरूरी है।

### एक्स्ट्रा एक्टिविटीज

मेरी हॉबीज भी ऐसी हैं, जो मुझे फिजिकली और मेंटली हेल्दी रहने में हेल्पफुल होती हैं। दरअसल, मैं दोनों तरह की हेल्थ को बराबर इंपॉर्टेंस देता हूं। जब भी फ्री होता हूं तो फिजिकल एक्टिविटी वाले गेम्स खेलना पसंद करता हूं। इससे एंटरटेनमेंट के साथ मेरी फिजिकल एक्सरसाइज भी हो जाती है। म्यूजिक सुनना भी मेरी हॉबी है। म्यूजिक से मैं अपने आपको फ्रेश और एनर्जेटिक फील करता हूं। इससे मेंटली बहुत रिलैक्स हो जाता हूं। *

#### मेरे फिटनेस आइडल

**मेरे फिटनेस** आइडल वर्ल्ड फेमस बॉडीबिल्डर और हॉलीवुड के सुपरस्टार रहे आरनोल्ड हैं। फिटनेस आइडल को लेकर मेरे दिमाग में जो इमेज सबसे पहले आती है, वो आरनोल्ड सर की ही होती हैं। मैं उनकी एक्टिंग के साथ ही उनकी फिटनेस का भी बहुत बड़ा फैन हूं। *

---

इन दिनों हर आयुवर्ग और विशेष रूप से किशोर और युवाओं में ईयरफोन और हेडफोन लगाकर गाने सुनने, वीडियो देखने का चलन बढ़ रहा है। लेकिन इनका अधिक या असावधानीपूर्ण प्रयोग कानों के लिए खतरनाक हो सकता है। इसलिए सावधान रहना जरूरी है।

# क्या आप भी करते हैं ईयरफोन-हेडफोन यूज





एक जमाना था, जब फरमाइशी गीतों को सुनने के लिए लोग रेडियो को अपने कान के पास रख लेते थे, क्योंकि तब ईयरफोन या हेडफोन जैसे गैजेट्स उपलब्ध नहीं थे। आज तो गाने सुनते हुए स्मार्टफोन से कनेक्टेड हेडफोन और ईयरफोन लगाए लोग हर कहीं दिख जाते हैं। ऑनलाइन वर्क, मीटिंग और ऑनलाइन क्लासेस अटेंड करने के लिए भी बच्चों से लेकर उम्रदराज लोग भी ईयरफोन का यूज खूब करते हैं। लेकिन हद से अधिक ईयरफोन या हेडफोन जैसे इंस्ट्रूमेंट्स का प्रयोग हमारे सुनने की क्षमता के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

**कान की कार्यप्रणालीर :** ईएनटी विशेषज्ञ **डॉ. सब्यसाची सक्सेना** के अनुसार, 'कान के बाहरी हिस्से को पिन्ना, जबकि अंदर के हिस्से यानी पर्दे को ईयर ड्रम कहा जाता है। उसके अंदर का भाग इनर ईयर कहलाता है। इसमें ही तमाम नसें होती हैं, जो दिमाग तक जाती हैं। जब कोई बोलता है तो हवा में शब्द का कंपन होता है। इस कंपन वाली हवा को पिन्ना एकत्रित करके कान के पर्दे तक भेजता है। वह हिलने लगता है और फिर उससे जुड़ी कॉकलिया भी हिलने लगती है। कॉकलिया इस कंपन को दिमाग तक पहुंचाती है, जिसे दिमाग समझ कर शब्द का रूप देता है। जब हम ईयरफोन या हेडफोन का इस्तेमाल करते हैं, तो पिन्ना का काम ही खत्म हो जाता है और कंपन सीधे कान के पर्दे तक पहुंच जाता है। इससे आवाज ज्यादा साफ और तेज सुनाई देती है। लेकिन ईयरफोन या हेडफोन पर लगातार एक घंटे से अधिक म्यूजिक सुनना कानों के लिए घातक हो सकता है।'

**सजग रहना है जरूरी :** ग्लोबल मार्केट ट्रैजेक्टरी एंड एनालिटिक्स की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान ईयरफोन और हेडफोन का बाजार तेजी से बढ़ा है। आने वाले चार वर्षों में इसके 33.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। इसमें स्मार्टफोन के बढ़ते इस्तेमाल और लोगों तक बढ़ती पहुंच का बड़ा योगदान माना जा रहा है। आज जूम मीटिंग से लेकर जॉगिंग करने तक लोग कानों में ईयरफोन या हेडफोन लगाए रहते हैं। मेट्रो ट्रेन, बस या ट्रेन में सफर करने के दौरान भी नजरें मोबाइल में गड़ी होती हैं और कानों में ईयरफोन लगा होता है। कोई यूट्यूब पर वीडियो देख रहा होता है, कोई इंस्टाग्राम पर रील्स या फेसबुक पर शॉर्ट्स। हर कोई मानो ईयरफोन के दुष्प्रभावों से बेखबर-सा नजर आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 35 वर्ष से कम आयु के अधिकांश युवा गाने सुनने के लिए ईयरफोन का प्रयोग करते हैं। इनमें से 50 फीसदी के करीब तेज आवाज में गाने सुनते हैं। लेकिन वे इस तथ्य को नजरअंदाज कर रहे हैं कि ऐसा करने से बहरेपन की शिकायत बढ़ रही है।

**बरतें सावधानी :** ईयरफोन या हेडफोन इस्तेमाल करते समय फोन की वॉल्यूम कभी भी 50 फीसद से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर कोई व्यक्ति 60 फीसद से ज्यादा वॉल्यूम पर एक घंटे से ज्यादा ईयरफोन का इस्तेमाल करता है, तो उसके सुनने की क्षमता पर बुरा असर पड़ सकता है। इतना ही नहीं, अगर कोई 85 डेसिबल साउंड को 8 घंटे तक सुनता है, तो वह बहरेपन तक का शिकार हो सकता है।

ईयरफोन इस्तेमाल करते समय उसकी साफ-सफाई का ध्यान भी रखना चाहिए, क्योंकि इस पर जमा बैक्टीरिया कान में संक्रमण फैला सकते हैं। *

---

अवेयरनेस

# हार्मफुल है विटामिन-सी का अधिक सेवन

कोरोना काल में लोगों को संक्रमण के प्रभाव को कम करने और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन-सी लेने की सलाह दी गई। लोगों ने विटामिन-सी के लिए नीबू और संतरे जैसे फलों के अलावा विटामिन-सी वाले सप्लीमेंट्स का भी सेवन किया। विटामिन-सी हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने से लेकर त्वचा और बालों को भी स्वस्थ बनाने में मददगार है। लेकिन विटामिन-सी का अत्यधिक सेवन शरीर के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार आवश्यकता से अधिक विटामिन-सी सप्लीमेंट्स लेने से बोंस प्रॉब्लम्स पैदा हो सकती हैं, किडनी में स्टोन की समस्या हो सकती है। इसके अलावा पाचन खराब होने से अपच, उल्टी, पेट दर्द, सीने में जलन जैसी परेशानियां हो सकती हैं। यही नहीं इससे शरीर में पोषक तत्वों का स्तर असंतुलित हो जाता है। जैसे- विटामिन बी12 और कॉपर की मात्रा कम कर सकता है वहीं, शरीर में आयरन की खपत बढ़ जाती है।



अर्थराइटिस फाउंडेशन के अनुसार शरीर में आवश्यकता से अधिक विटामिन-सी का स्तर हड्डियों के असामान्य विकास का कारण बन सकता है। इसके कारण जोड़ों में दर्द, कमजोरी जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली की सीनियर डाइटीशियन **अंजलि** के अनुसार शरीर में विटामिन-सी की कमी रोकने के लिए सप्लीमेंट्स के बजाय विटामिन-सी वाले फ्रूट्स जैसे-संतरा, नीबू, मौसंबी, कीवी, आंवला का सेवन करना चाहिए। ऐसा अध्ययनों में सामने आया है कि विटामिन-सी वाले प्राकृतिक खाद्य पदार्थ का सेवन करने से शरीर में इसका स्तर अधिक नहीं होता है। लेकिन बगैर डॉक्टर की सलाह के अपने मन से विटामिन सी या कोई सप्लीमेंट्स लेने से शरीर पर कई तरह के साइड इफेक्ट्स गंभीर बीमारियों या शारीरिक समस्याओं के रूप में सामने आ सकते हैं। इसलिए बेहतर यही होगा कि आप विटामिन सी ही नहीं कोई भी विटामिन या न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स बगैर डॉक्टर की सलाह के ना लें। *

# भोजपुरी का पहला ओटीटी ऐप 'चौपाल' लांच




- मनोज तिवारी बोले, '35 करोड़ भोजपुरियों का सपना पूरा'
- पवन सिंह की पहली वेब सीरीज 'प्रपंच' से शुरुआत

मुंबई ।

अब भोजपुरी फिल्में और वेब सीरीज ओटीटी प्लेटफार्म पर उपलब्ध होंगी। भोजपुरी का पहला ओटीटी ऐप लांच हो गया है। 'चौपाल' नाम से भोजपुरी का यह पहला ऐप लांच किया गया है। इस ऐप पर पहले से ही 500 से अधिक घंटे का कंटेंट उपलब्ध है। लेकिन अब यह पूरी तरह भोजपुरी में भी आ चुका है। इसकी शुरुआत पवन सिंह की वेब सीरीज 'प्रपंच' से हुई है। मुंबई में एक कार्यक्रम में भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार मनोज तिवारी की उपस्थिति में इस ऐप को लांच किया गया।

मुंबई के जुहू स्थित मिलेनियम क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में भोजपुरी के ओटीटी ऐप 'चौपाल' की लांचिंग की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित भोजपुरी फिल्मों के मेगा स्टार और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि भोजपुरी मनोरंजन जगत काफी तेजी से प्रगति कर रहा है। एक समय ऐसा था कि हमारी फिल्में देखने के लिए सिर्फ सिनेमाहाल ही विकल्प थे। समय के साथ भोजपुरी के तमाम चैनल भी आए लेकिन भोजपुरी का कोई ओटीटी प्लेटफार्म नही था। लेकिन अब संदीप बंसल द्वारा अभय सिन्हा की मदद से लांच किए गए 'चौपाल' के जरिये 35 करोड़ भोजपुरियों का ये सपना भी पूरा हो रहा है।

बता दें कि पंजाबी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में सफलता पाने के बाद विश्व का सबसे बड़ा मल्टीरीजनल ओटीटी 'चौपाल' अब भोजपुरी में भी आ गया है। इसकी शुरुआत पवन सिंह की वेब सीरीज 'प्रपंच' से हुई है। 'प्रपंच' में पवन सिंह, साबिहा अली खान (शहनूर), बृज भूषण शुक्ला और विनीत विशाल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। लांच कार्यक्रम में भोजपुरी अभिनेता विनय आनंद, अरविंद अकेला कल्लू, रितेश पांडे, यश मिश्रा, अभिनेत्री रानी चटर्जी, आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी आदि ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में अभय सिन्हा ने कहा कि हमें 'चौपाल' के प्रोडक्शन पार्टनर होने पर बेहद गर्व है। हमारा उद्देश्य है कि हम भोजपुरी में विश्वस्तरीय कंटेंट बनाएं और चौपाल के माध्यम से उसे केवल देश ही नही बल्कि दुनिया के हर कोने तक पहुंचाएं। कार्यक्रम का संचालन अभिनेता अवधेश मिश्रा ने किया।

# भारत को शूटिंग डेस्टिनेशन बनाने की घोषणा




- भारत में फिल्म शूट करने वालों को 50 लाख रुपए तक कर प्रोत्साहन
- कान फिल्म समारोह में इफ्फी के 53वें संस्करण का आधिकारिक पोस्टर जारी

नई दिल्ली ।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कान फिल्म समारोह में विदेशी फिल्मकारों को भारत में फिल्में शूट करने के लिए प्रोत्साहनों की घोषणा की है। भारत में शूटिंग करने वाली विदेशी फिल्मकारों को 50 लाख रुपये तक की छूट और भारतीय लोगों को काम देने पर 5% अतिरिक्त बोनस का लाभ दिया जाएगा।

कान फिल्म समारोह में आज सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने फिल्म मार्केट 'मार्चे डू फिल्म' में इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया। आज ही श्री ठाकुर ने अन्य भारतीय प्रतिनिधियों के साथ गोवा में होने वाले भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह का पोस्टर जारी किया। इस मौके पर श्री ठाकुर ने विदेशी फिल्मकारों को भारत एक पसंदीदा गंतव्य बनाने के उद्देश्य से भारत के साथ विदेशी फिल्मों और विदेशी सह-निर्माण की शूटिंग को प्रोत्साहित करने के लिए दो योजनाओं की घोषणाएं की। इनमें एक ऑडियो-विजुअल को-प्रोडक्शन और दूसरा भारत में विदेशी फिल्मों की शूटिंग के लिए प्रोत्साहन योजना है।

ठाकुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माण कंपनियां भारत में सह-निर्माण पर दो करोड़ रुपये खर्च करेंगी तो उन्हें 30 प्रतिशत तक या अधिकतम 50 लाख रुपये की छूट मिलेगा। यदि वे 15 प्रतिशत वर्क फोर्स भारत की लेंगे तो उन्हें 5 प्रतिशत अतिरिक्त बोनस मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं भारत के साथ वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देंगी और विदेशी फिल्म निर्माताओं से निवेश आकर्षित करेंगी और भारत को फिल्मों के शूटिंग के डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेंगी। ठाकुर ने कहा भारतीय सिनेमा न केवल 6000 साल पुरानी सभ्यता और 1.3 अरब कहानियों की कहानी है, बल्कि मानव प्रतिभा, विजय और आपके लेंस के माध्यम से बताए गए नए भारत के प्रक्षेपवक्र की कहानी भी है। इस अवसर पर शेखर कपूर, तमन्ना भाटिया, पूजा हेगड़े और नवाजुद्दीन सिद्दकी ने भी अपने विचार वक्त किये।

## सुमेघ ने 'एस्केप लाइव' में काम करने का अपना अनुभव साझा किया



मुंबई (आईएएनएस)। सिद्धार्थ कुमार तिवारी के वेब शो एस्केप लाइव में डार्की की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुमेध मुद्गलकर ने श्रृंखला में काम करने के बाद अपने अनुभव को शेयर किया है। वे कहते हैं कि जब मैंने एस्केप लाइव का नरेशन सुना तो मैं तुरंत उससे संबंधित हो गया। सभी पात्र अलग-अलग परिवेश से आते हैं, अलग-अलग चीजें करते हैं। सुमेध ने राघवेंद्र प्रताप सिंह के रूप में 'दिल दोस्ती डांस' के साथ टीवी पर शुरूआत की और 'चक्रवर्ती अशोक सम्राट' और 'राधाकृष्ण' में भगवान कृष्ण के रूप में शो का हिस्सा रहे हैं। वह दर्शकों द्वारा पसंद की जाने वाली कंटेंट बनाने में चुनौतियों के बारे में कहते हैं, कंटेंट बनाना, निरंतरता रखना और दर्शकों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त रचनात्मक होना आसान नहीं है। उनके पास चुनौतियों का अपना सेट है। मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ सोशल मीडिया प्रभावितों का अनुसरण करता हूं और अक्सर उनके कंटेंट का आनंद लेता हूं। मैं यह तथ्य स्वीकार करता हूं कि सोशल मीडिया के माध्यम से आय अर्जित की जा सकती है, इसलिए बहुत से लोगों के पास कमाने के नए अवसर हैं।

## सिनेमा के मामले में अनुभव और मेरा डीएनए एक ही है: आयुष्मान



मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना को लगता है कि सिनेमा के मामले में उनका और उनके गुरु और निर्देशक अनुभव सिन्हा का डीएनए एक जैसा ही है। अनुभव और आयुष्मान ने 'अनेक' के लिए फिर से सहयोग किया है जिसमें अभिनेता ने उत्तर पूर्व में तैनात एक अंडरकवर पुलिस वाले की भूमिका निभाई है। आयुष्मान कहते हैं कि अनुभव सर और मेरा एक कार्मिक कनेक्शन है। इसमें कोई शक नहीं है क्योंकि कभी-कभी मुझे लगता है कि सिनेमा की बात आती है तो हमारे पास एक ही जैसा डीएनए है। वह एक फिल्म निर्माता है जो यथास्थिति को चुनौती देना चाहते हैं, वह बेहद जोखिम लेने वाले है। मैं उनके मूल मूल्यों से संबंधित हूं और इसलिए हम एक ऐसे रिश्ते को साझा करते हैं जो मुझे पता है कि जिंदगीभर रहेगा। उन्होंने कहा कि वह बेहद खुश हैं कि उन्हें रचनात्मक रूप से सहयोग करने और दर्शकों के लिए आर्टिकल 15 जैसी फिल्म करने का मौका मिला है। हम लोगों को 'अनेक' दिखाने के लिए फिर से एक साथ काम कर रहे हैं। यह एक ऐसी फिल्म जिस पर मुझे बहुत गर्व है। यह एक ऐसी फिल्म है जो हमें भारतीयों के रूप में गौरवान्वित करेगी। यह लोगों को हमारे बारे में सोचने पर मजबूर करेगी।

## एमआरएनए टीके की अतिरिक्त बूस्टर खुराक के कुछ अल्पकालिक फायदे



संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि ज्यादा जोखिम वाले लोगों, स्वास्थ्य कर्मियों, 60 साल से अधिक उम्र के लोगों या कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों के लिए एमआरएनए कोविड-19 टीके की अतिरिक्त बूस्टर खुराक लगाने का फायदा होता है। डब्ल्यूएचओ ने टीकाकरण पर विशेषज्ञों के रणनीतिक परामर्श समूह (एसएजीई) और इसके कोविड-19 टीका कार्यसमूह के साथ कहा कि सामान्य तौर पर टीकों की प्रारंभिक खुराकों के पूरे होने के 4 से 6 महीने के अंतराल पर पहली बूस्टर खुराक लगाई जा सकती है। विशेष रूप से ओमीक्रोन के संबंध में ऐसा किया जा सकता है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि अतिरिक्त बूस्टर खुराक लगाने की दो प्रमुख परिस्थितियां हैं। पहली उन लोगों को लगाना जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता सही से संक्रमण से लड़ नहीं पा रही और दूसरी जोखिम वाले लोगों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को लगाना। उसने कहा कि डब्ल्यूएचओ के आपात उपयोग के लिए सूचीबद्ध (ईयूएल) करने वाले कोविड टीका उत्पादों के लिए उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में टीके का असर अपेक्षाकृत कम होता है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि कुछ देशों में पहली बूस्टर खुराक के बाद अतिरिक्त बूस्टर खुराक दी जा रही है। उसने कहा कि मई तक के आंकड़ों के अनुसार केवल एमआरएनए टीकों के संबंध में अतिरिक्त बूस्टर खुराक की जानकारी उपलब्ध है, अन्य टीकों की नहीं। डब्ल्यूएचओ ने दुनिया के अनेक देशों में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के फैलने के समय किये गये सात अध्ययनों का हवाला दिया जिनमें एमआरएनए टीके की तीसरी खुराक के चार महीने बाद चौथी खुराक लगाने का असर तीन खुराक लगवाने वाले लोगों की तुलना में देखा गया।

उसने कहा, इन सभी अध्ययनों को समग्र रूप से देखने पर पता चला कि स्वास्थ्य कर्मियों, 60 साल से अधिक उम्र के लोगों या कम प्रतिरक्षा क्षमता वाले लोगों में एमआरएनए टीके की अतिरिक्त बूस्टर खुराक के कुछ अल्पकालिक फायदे हैं।

## महेश बाबू की फिल्म में जोड़ा जाएगा नया गाना



हैदराबाद (आईएएनएस)। तमिल फिल्मों के एक्टर महेश बाबू की फिल्म सरकारू वारी पाटा में मुरारी बावा नाम से एक नया गाना अब जोड़ा जाएगा। ये गाना पहले फिल्म में नही दिखाया गया था, लेकिन अब जोड़ा जा रहा है। इस गानें में महेश बाबू और कीर्ति सुरेश अभिनय करते दिखेंगे। निर्माताओं ने आखिरकार इस गाने को जोड़ने का फैसला किया है, जो प्रतिक्रिया और संग्रह के आधार पर इस सप्ताह के अंत में अपना कमाल दिखाना शुरु कर देगा। महेश बाबू के फैंस को गाने के ऑडियो वर्जन से काफी उम्मीदें हैं, जो अभी रिलीज नहीं हुआ है। गाने की सेंसरशिप पहले ही पूरी हो चुकी है और इसे इस वीकेंड पर प्रदर्शित किया जाएगा। परशुराम पेटला के निर्देशन की सफलता के साथ, सरकारू वारी पाटा की टीम बुलंदियों पर है। फिल्म अब तक दुनियाभर में 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।



## माधवन ने बिखेरा जलवा

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्टर आर. माधवन 75वें कान फिल्म समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुचे। इस दौरान एक्टर ने मनीष मल्होत्रा के द्वारा डिजाइन किया हुआ बेहद प्यारा काला सूट पहन रखा था। माधवन फिल्म समारोह में शामिल हो रहे है उनकी फिल्म रॉकेटरी द नांबी इफेक्ट का यहा वर्ल्ड प्रीमियर होगा। रेड कार्पेट के लिए, माधवन ने क्लासिक क्रिस्प व्हाइट शर्ट और बो टाई के साथ कॉलर पर सेक्विन के साथ एक टक्स चुना, इसके साथ ही एक्टर ने सनग्लासेज से अपने लुक को पूरा किया। माधवन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुई कैप्शन में लिखा, केवल मनीष मल्होत्रा ही आपके खास दिन को और खास, यादगार बना सकते हैं। मुझे अपने बारे में इतना अच्छा महसूस कराने के लिए धन्यवाद। आप लोगों की वजह से मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया। धन्यवाद

## 'पृथ्वीराज' में एक्शन को लेकर अक्षय कुमार ने की बात

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार फिल्म की पटकथा, खासकर एक्शन दृश्यों से काफी प्रभावित हुए हैं। फिल्म में राजा पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाने वाले अभिनेता ने स्वीकार किया कि 'पृथ्वीराज' में अभिनय करना मेरे लिए ऐसा अनुभव था जैसे 'कैंडी की दुकान में एक बच्चा' महसूस करता है। फिल्म के पैमाने के बारे में बात करते हुए अक्षय ने एक बयान मे कहा कि 'पृथ्वीराज' को ऐसे पैमाने पर रखा गया है जो लोगों को आकर्षित करेगा और एक्शन फिल्म के मनोरंजन भाग को बढ़ाने में एक अभिन्न भूमिका निभाएगा। 'पृथ्वीराज' बड़े पर्दे की एक एक्शन फिल्म है जो दर्शकों के सामने आने



का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने बेरहम आक्रमणकारी मोहम्मद गौरी से देश और उसके लोगों की रक्षा करने की जिम्मेदारी कैसे ली, यह कई नई ऊंचाइयां देगा। मैं एक कैंडी स्टोर में एक बच्चे की तरह था जब मुझे काम के पैमाने का एहसास हुआ। अक्षय को एक्शन के दीवाने और हिंदी सिनेमा के मूल एक्शन स्टार के रूप में जाना जाता है उन्होंने अतीत में अपने दम पर कई साहसी स्टंट किए हैं। उसी पर टिप्पणी करते हुए, उन्होंने उल्लेख किया कि मुझे हमेशा से एक्शन फिल्में पसंद हैं और अपनी खुद की परियोजनाओं में एक्शन करना मुझे अच्छा लगता है। युद्ध के दृश्यों के अनुभव के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में भारी कवच पहने हुए, इन विस्तृत युद्ध दृश्यों को करना वास्तव में कठिन था, लेकिन मुझे पता था कि ये दृश्य बड़े पर्दे पर शानदार दिखेंगे। असाधारण फिल्म पृथ्वीराज एक शक्तिशाली राजा की वीरता और बलिदान को देखते हुए देशभक्ति पर आधारित फिल्म है। अभिनेता ने कहा कि इसे इस तरह पेश करने की जरूरत है जिससे लोग उत्साह से हांफने लगें और मुझे लगता है कि हमने इसे हासिल कर लिया है। मुझे इस बात पर गर्व है कि 'पृथ्वीराज' कैसे आकार ले रही है और उम्मीद है कि यह लोगों का भरपूर मनोरंजन करेगी।



## दिव्या अग्रवाल 'नई नई नई' में आएंगी नजर

मुंबई (आईएएनएस)। बिग बॉस ओटीटी फेम दिव्या अग्रवाल जल्द ही नए म्यूजिक वीडियो नई नई नई में नजर आएंगी। इस म्यूजिक वीडियो में बच्चन का प्यार सिंगर रीको भी दिखाई देंगे। हाल ही में दिव्या अग्रवाल ने करण कुंद्रा बेचारी गाने में काम किया था। इस गाने के लिए उन्हें काफी सराहना मिल रही है। अपने नए म्यूजिक वीडियो को लेकर दिव्या अग्रवाल का कहना है कि मैं इस गाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। रिको के साथ काम करना बेहद शानदार था। हमें साथ में काम करते हुए काफी मजा आया। एक्ट्रेस आगे कहती हैं, मेरी कोशिश होती है, मैं अलग-अलग प्लेट्फॉर्मस पर काम करूं। चाहे वह म्यूजिक वीडियो हो या रियलिटी शो या फिर वेब स्पेस। नई नई नई उन सभी म्यूजिक वीडियो से अलग है जो मैंने पहले किया है। वहीं सिंगर रीको ने भी दिव्या के साथ अपने काम के अनुभव को शेयर किया। रीको ने कहा, मैंने दिव्या का काम पहले देखा है। जब मुझे बताया गया कि वह गाने के लिए बोर्ड पर हैं, तो मैं उनके साथ काम करने के लिए बेहद एक्साइटेड था। दिव्या एक मेहनती लड़की है और उसके साथ काम करना मेरे लिए खुशी की बात थी। बादशाह के गाने बचपन का प्यार में अपनी आवाज देने के बाद रिको को काफी लोकप्रियता हासिल हुई। उनका पहला गाना बिंगो 2 था, वह भी सुपरहिट रहा था। नई नई नई के बारे में बात करते हुए सिंगर कहते हैं, नई नई नई में ऐसी भावनाओं को दिखाया गया है, जो एक रिश्ते के खत्म होने के बाद होती है। यह गाना उन सभी के दिल में बस जाएगा, जिनका कभी दिल टूटा है। मैं उत्साहित हूं कि गाने को शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।

## फ्रेश टू होम के लेटेस्ट कैंपेन से जुड़े रणवीर



नई दिल्ली (आईएएनएस)। उपभोक्ताओं की ताजा और परिरक्षकों/रसायन मुक्त मांस और समुद्री खाद्य पदार्थों की बढ़ती आवश्यकता को संबोधित करते हुए, फ्रेश टू होम ने हाल ही में एक नया विज्ञापन अभियान हैशटैग नोशॉर्टकट लॉन्च किया, जिसमें बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह एक नए अवतार में नजर आ रहे हैं। इस अभियान में, बॉलीवुड के फैशन आइकन कहे जाने वाले रणवीर सेल्समैन की भूमिका निभा रहे हैं, जो चिकन और सीफूड को कई दिनों तक ताजा रखने के वादे के साथ फ्रेश टू होम से जुड़े लोगों को शॉर्टकट/ प्रिजर्वेटिव/केमिकल बेचने की सलाह दे रहे हैं। हालांकि, अपनी खुद की दवा की एक खुराक प्राप्त करने के बाद, उन्हें पता चलता है कि उपभोक्ताओं को स्वस्थ और ताजा मांस और समुद्री भोजन बेचने के लिए ब्रांड के वादे से कोई समझौता नही किया जाएगा। इसलिए, अभियान का नाम हैशटैग नोशॉर्टकट है।

## संक्षिप्त

### एलओसी के पास कई बारूदी सुरंगों में विस्फोट

**पुंछ, (एजेंसी)।** जंगल में लगी आग की वजह से जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास कई बारूदी सुरंगों में विस्फोट हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को नियंत्रण रेखा के दूसरी ओर जंगल से शुरू हुई आग भारतीय सीमा में मेंढर सेक्टर तक फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने करने की प्रणाली के तहत बिछाई गई करीब छह बारूदी सुरंगों में इस आग के कारण विस्फोट हो गया।

### ब्रिटेन: वॉल्वरहैम्प्टन को मिला पहला अश्वेत मेयर

**लंदन, (एजेंसी)।** ब्रिटेन के वॉल्वरहैम्प्टन को करीब 200 वर्षों में पहली बार अश्वेत मेयर मिला है। पार्षद सैंड्रा सैमुअल्स ओबीई 200 वर्षों में इस पद को संभालने वाली अफ्रीकी कैरेबियाई विरासत की पहली राजनेता और शहर की 11वीं ग्यारहवीं महिला मेयर हैं। वह पार्षद ग्रेग ब्रैकेनरिज से कार्यभार ग्रहण करेंगी, जब पार्षद बुधवार को वार्षिक परिषद की बैठक में मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान होगा।

### ट्विटर के तीन वरिष्ठ कर्मियों का इस्तीफा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और पराग अग्रवाल के बीच चल रही जंग के बीच ट्विटर के कुछ अधिकारी आगे बढ़ गए हैं, वे यह महसूस कर रहे हैं कि भविष्य में माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर उनके रास्ते में क्या आ सकता है। स्वास्थ्य, वार्ता और विकास के लिए उत्पाद प्रबंधन की उपाध्यक्ष इल्या ब्राउन, ट्विटर सेवा की उपाध्यक्ष कैटरीना लेन, डेटा साइंस के प्रमुख मैक्स श्मीजर ने कंपनी छोड़ दी है। जहां लेन और श्मीजर ने ट्विटर पर क्रमशः एक और दो साल तक काम किया, वहीं ब्राउन छह वर्षों से माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर सेवा दे रहे थे।

### माता वैष्णो देवी की त्रिकुटा पहाड़ियों में लगी आग

जम्मू, (एजेंसी)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के कटरा कस्बे में श्री माता वैष्णो देवी की त्रिकुटा पहाड़ियों में बुधवार शाम भीषण आग लग गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आग दो दिनों से जारी है और शाम तक यह पहाड़ी के प्रमुख हिस्सों में तेजी से फैल गई। पुलिस दल, सीआरपीएफ के जवान, श्राइन बोर्ड के जवान और दमकलकर्मी पानी की बौछारों और अन्य अग्निशमन उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाने के लिए काम कर रहे हैं। इस दौरान, बैटरी कार सेवा को भी नए ट्रैक से बंद कर दिया गया है। अग्निशमन दल तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी निवारक उपाय कर रहे हैं। इस बीच श्राइन बोर्ड सीईओ अंशुल गर्ग ने बताया कि पारंपरिक रास्ते से यात्रा सुचारू रूप से जारी है।

### नगर में घूमकर ईओ ने अतिक्रमण हटाने का दिया हिदायत

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। गुरुवार की दोपहर नगर पंचायत के ईओ अमित कुमार टीम के साथ कस्बे में पटरी पर लगे अतिक्रमण हटाने के लिए भ्रमण किया। दुकानदारों को हिदायत दिया कि अतिक्रमण हटायें वर्ना उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी ईओ अमित कुमार कर्मचारियों के संग थाने के फोर्स के बाजार में पहुँचे। ठेले, खुमचे और काम्प्लेक्स प्रतिष्ठानो द्वारा किया गया अतिक्रमण पर उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दिया कि वे अपना कब्जा स्वयं हटाए वरना कानूनी कार्यवाही कर हटाया जाएगा। भ्रमण के दौरान ईओ ने मीडिया को बताया कि कस्बे में नगर में ठेले लगाने वालों को खुटहन रोड पर भेजा जाएगा टीम में ईओ अमित के साथ मो अख़्तर, सोभनाथ पाल, यावर अली, सुरेश यादव समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# कर्मचारियों ने परियोजना प्रबंधक के ऊपर लगाए गंभीर आरोप

प्रखर मिजार्पुर । परियोजना प्रबंधक गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई सीवर ट्रीटमेंट प्लांट पक्का पोखरा स्थित कार्यालय में आज विभाग के कर्मचारियों के द्वारा परियोजना प्रबंधक के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए।

प्लांट में कार्यरत सहायक परियोजना अभियंता एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा मोहम्मद अफजल अली परियोजना प्रबंधक के खिलाफ नारे लगाए गए और पत्रकारों से वार्ता के दौरान डिप्लोमा इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश जल निगम के मंडल अध्यक्ष व अन्य प्रदर्शनकारी परियोजना अभियंताओं ने व अन्य कर्मचारी गणों ने कहां की कार्यालय में तानाशाही और हिटलर अंदाज में कार्य कराए जाने से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं । हाथों में बैनर लेकर प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पूरे कार्यालय परिसर में आतंक का माहौल व्याप्त




हो चुका है, ऐसे में बिगड़े हुए माहौल में काम भी बुरी तरीके से प्रभावित हो रहा है हर छोटी-छोटी बातों पर मारने के लिए हाथ उठाना अवैध रूप से वसूली कराने के लिए दबाव बनाना जैसे गंभीर आरोप मंडल अध्यक्ष ने परियोजना प्रबंधक पर लगाए हैं। प्रदर्शनकारियों का मांग था कि तत्काल परियोजना मैनेजर को कहीं दूसरे जगह ट्रांसफर किया जाए। तो वही पत्रकार वार्ता के दौरान ठेकेदार संघ के अध्यक्ष ने बताया कि अडीबा कंस्ट्रक्शन के भारत भूषण नामक कर्मचारी को बंधक बना लिए जाने की घटना अत्यंत निंदनीय है। उस घटना के बाद ठेकेदारों में भी कार्यालय के परियोजना प्रबंधक के द्वारा दुर्व्यवहार और अमानवीय कृत्य अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले दिनों ठेकेदार को बंधक बनाने की घटना का जिक्र करते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अवैध वसूली के चलते कार्यालय परिसर में पुलिस के हस्तक्षेप से ठेकेदार को बंधक से मुक्ति दिलाई गई थी। तो वहीं इस संपूर्ण प्रकरण पर परियोजना प्रबंधक मोहम्मद अफजल अली ने कहा कि हमारे द्वारा निरंतर सरकार की योजनाओं को पूरा करने का संकल्प लिया गया है । विभाग में कुछ कर्मचारियों के द्वारा माहौल खराब करने के उद्देश्य से राजनीति की जा रही है। कार्यालय में कभी भी किसी को बंधक नहीं बनाया गया और गाली गलौज देने का सवाल ही नहीं है । जो लोग धरना प्रदर्शन में शामिल हैं ऐसे लोग काम नहीं करना चाहते सिर्फ राजनीति चमकाने के आशय से हमारा विरोध करके हमको अन्यजगह ट्रांसफर कराना ही प्रदर्शनकारियों का मकसद है। प्रदर्शनकारियों के द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरीके से निराधार हैं। कार्यालय में इस वक्त कार्य करने का उपयुक्त माहौल नहीं है इसकी जानकारी उन्होंने महाप्रबंधक प्रयागराज और चीफ जोन को भी दे रखी है।

## भारतीय खेल प्राधिकरण वाराणसी के बेटियों का फिर जलवा

प्रखर वाराणसी। 55'th उत्तर प्रदेश वार्षिक अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 जो कि 15'th से 17'th मई 2022 तक गाजियाबाद व कानपुर में आयोजित हुई थी इस चैंपियनशिप में बनारस की बेटियों जलवा रहा।अनुष्का उपाध्याय 100 मीटर हाडेल दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल साथ साथ 400 मीटर हाडेल दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोज मेडल जीता, ऐश्वर्या उपाध्याय ने 100 मीटर हैडेल दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल जीता, चंचल यादव ने 3000 मीटर स्टेपल चैस दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता, अंजली पटेल ने 3000 मीटर स्टेपल चेस दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल जीता, पूजा यादव ने लॉन्ग जंप व ट्रिपल जंप में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल जीता, स्नेहा अवस्थी ने डिस्कस थ्रो में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल जीता, प्रियंका सरोज 800 मीटर 400 मीटर में पांचवें स्थान पर रही, बेबी कुमारी ने 3000 मीटर दौड़ मे तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल जीता व 5000 मीटर दौड में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता इस प्रतियोगिता में रिना कनौजिया ने भी भाग लिया,यह सभी लड़कियां भारतीय खेल प्राधिकरण बी. एच.यू. कैम्पस वाराणसी में कोच श्री संजीव श्रीवास्तव के देखरेख में ट्रेनिंग कर रही हैं श्री संजीव श्रीवास्तव अपने पूरे लगन से बच्चों को ट्रेनिंग देने में लगे हुए हैं।। भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियो ने इन सभी लड़कियों को बधाई दिया साथ साथ इनके उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ साथ इन सभी लड़कियों को सम्मानित करते हुए बॉक्सिंग कोच नरेंद्र बिष्ट ओलंपियन बॉक्सिंग कोच पूजा यादव एथलेटिक्स कोच संजीव श्रीवास्तव तथा राहुल सिंह व प्रवीण सिंह ने भी इन्हें सम्मानित किया।

### बीटी कालेज के छात्राओं ने रैली निकालकर यातायात के बताएं नियम

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गुरुवार को नगर के वासुदेव तपेश्वरी गर्ल्स इण्टर कालेज, भारती विद्यापीठ के छात्राओं ने सड़क पर रैली निकालकर लोगों को ट्रैफिक के नियम समझाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता मिश्रा ने हरी झण्डी दिखाकर रैली रवाना किया। रैली में सड़क सुरक्षा जागरूकता में लोगों को नशा सेवन न कर गाड़ी चलाने, ट्रैफिक नियम का पालन करने पर बल दिया। कालेज में बच्चों के साथ




अध्यापकों को भी नियम का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। स्लोगन, निबंध, व पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से भी उन्हें जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता सफिया खान, विभा पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार मिश्र, सुनील कुमार उपाध्याय, किश्वरी सुल्ताना, सुधा मिश्रा, पूनम विश्वकर्मा, राजेश राव, राजेश यादव, दिनेश यादव तथा भारती शिशु विहार की प्रधानाध्यापिका शबीना बानों समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### गोतस्कर माफिया अब्दुल सलाम की गैंगेस्टर के तहत बोलेरो जब्त

प्रखर खेतासराय(जौनपुर) पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा गैंगेस्टर के आरोपियों की सम्पत्ति कुर्क की कार्यवाही जिले में जारी है। गुरुवार को डीएसपी शाहगंज अंकित कुमार की देखरेख मे स्थानीय पुलिस ने रानीमऊ निवासी गोतस्कर माफिया अब्दुल सलाम की गैंगेस्टर के तहत बोलेरो कुर्क की। एसओ श्रीप्रकाश रॉय के मुताबिक उक्त गांव निवासी अब्दुल सलाम पेशेवर गोतस्कर माफिया है। उसके ऊपर एक दर्जन से अधिक गोवध अधिनियम समेत अन्य मामले में संगीन मुकदमा दर्ज है। जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर अब तक गैंगेस्टर के तहत 77 लाख रुपये अवैध तरीके से अर्जित धन की सम्पत्ति कुर्क की जा चुकी है।

# जैव-ईंधन नीति 2018 में संशोधन को मंजूरी

## 1 अप्रैल 2023 से मिलेगा 20 फीसदी ईथेनाल वाला पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति-2018 में संशोधन किये जाने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में संशोधन को मंजूरी दी गयी।



राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति, जिसे नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के जरिये 2009 में लागू किया गया था, के स्थान पर 'राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति-2018' को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 04 जून, 2018 को अधिसूचित किया था। जैव-ईंधन में होने वाली प्रगति को ध्यान में रखते हुउ राष्ट्रीय जैव-ईंधन समन्वय समिति (एनबीसीसी) की विभिन्न बैठकों में जैव-ईंधन उत्पादन बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसी तरह 01 अप्रैल, 2023 से देशभर में 20 प्रतिशत तक की एथेनॉल की मात्रा वाले एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लिये स्थायी समिति की सिफारिशों पर भी निर्णय लिया गया और उसी के अनुरूप राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति में संशोधन किये जा रहे हैं। इस नीति के लिये स्वीकृत मुख्य संशोधनों में जैव-ईंधन के उत्पादन के लिए अधिक फीडस्टॉक्स को मंजूरी, पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण के लक्ष्य को ईएसवाई 2030 से पहले 2025-26 में ही प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना, मेक इन इंडिया के तहत विशेष आर्थिक जोन को जोड़ना, व जैव-ईंधन के निर्यात की अनुमति देना आदि है। और राष्ट्रीय जैव-ईंधन समन्वय समिति की बैठकों के दौरान लिये गये निर्णयों के अनुपालन में नीति में कुछ वाक्यों को हटाना या संशोधित करना शामिल है।इस प्रस्ताव ने स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास के लिये आकर्षण और समर्थन बढ़ेगा, जिससे मेक इन इंडिया अभियान का मार्ग प्रशस्त होगा और अधिक रोजगार पैदा होंगे। मौजूदा राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति 2018 के दौरान अस्तित्व में आई थी।

इस प्रस्तावित संशोधन से मेक इन इंडिया अभियान का मार्ग प्रशस्त होगा तथा जैव-ईंधन के अधिक से अधिक उत्पादन के जरिये पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में कटौती संभव होगी। जैव-ईंधन के लिये कई सारे फीडस्टॉक्स को मंजूरी दी जा रही है। इस कदम से आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहन मिलेगा तथा 2047 तक भारत के ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र'' होने के प्रधानमंत्री की परिकल्पना को गति मिलने की संभावना है।

# सरपतहां थाना क्षेत्र में अपराध बढ़ा, लोग दहशत में

## पुलिस अधीक्षक के आदेश को भी दरकिनार करते है यहाँ के दारोगा

प्रखर जौनपुर। शाहगंज सर्किल के सरपतहां थाना क्षेत्र में चोरी ,डकैती, लूट की दिनदहाड़े घटनाएं घटना आम साबित हो गई हैं। ऐसी घटनाओं के मामले में यह थाना अग्रणी साबित हो रहा है। आए दिन राहगीरों के साथ चोरी ,लूट और छिनैती जैसी घटनाएं घट रही हैं। थाना से महज कुछ मीटर के अंदर ही दबंग, मनबढ़ और अराजक तत्वों की भरमार हो गई है।हौसलेबुलंद अपराधियों, चोर ,डाकू पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए चोरी छिनैती की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस के सामने खुलेआम ताल ठोक रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विशेष वीरता पुरस्कार से सम्मानित ,इनकाउंटर स्पेशलिस्ट और तेजतर्रार कप्तान अजय कुमार साहनी भी ऐतराज नहीं कर पा रहे हैं।आम जनता तहरीर लेकर थाने का चक्कर लगाती है कई दिन बीत जाने के बाद भी उनकी एफ आई आर दर्ज नहीं होती है।इस समय थाने से चंद दूरी पर घटनाएं घट रही हैं लेकिन पुलिस चुपचाप तमाशा देख रही है। लोगों का कहना है कि जो भी पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर थाने पर आता है उसकी सुनवाई नहीं होती है।ऐसा बताया जाता है कि शिकायतकर्ता और पीड़ितों को पता ही नहीं होता है और अधिकारी कर्मचारी शिकायत का निस्तारण कर देते हैं।इस समय उपनिरीक्षक राम नारायण गिरी पता नहीं किस स्वार्थ में आकर दबंगों और माफियाओं पर इस तरह से मेहरबान हो गए हैं कि कानून संविधान और लोकतंत्र की उन्हें कोई परवाह भी नहीं है। थाना क्षेत्र में भय और अराजकता का माहौल इस कदर व्याप्त है कि जनता न्याय के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। यहां तक कि लोग शाम होने के बाद अपने घर से इस डर से बाहर निकलने से कतराते हैं की कोई चोरी डकैती और छिनैती की कोई घटना न घट जाए उनके साथ।जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का न तो डर है और ना ही न्यायालय का।सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति को इस तरह से पलीता लगाया जा रहा है।

# दिल्ली हाईकोर्ट में नौ जजों ने ली शपथ

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी ने तीन महिलाओं सहित नौ नए न्यायाधीशों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, जिससे कुल 60 न्यायाधीशों की क्षमता वाले दिल्ली उच्च न्यायालय ने अब जजों की कुल संख्या 44 हो गई है।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने भारत के संविधान के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के जजों के रूप में कई अधिवक्ताओं की पदोन्नति के प्रस्ताव को सिफारिश की थी। सीजेआई एनवी रमना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 04 मई को हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने तेलंगाना हाईकोर्ट के सीजे सतीश चंद्र शर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश और दिल्ली हाईकोर्ट के एसीजे विपिन सांघी को उत्तराखंड हाईकोर्ट का सीजे नियुक्त करने की सिफारिश की थी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# सांसद नवनीत और रवि राणा को बड़ी राहत

**मुंबई, (एजेंसी)।** अमरावती से निर्दलीय लोकसभा सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को आज, यानी बुधवार को एक बड़ी राहत मिली है। दरअसल, पिछले काफी समय से चर्चा में बनी हुई सांसद नवनीत राणा और रवि राणा को मुंबई पुलिस नौ जून तक गिरफ्तार नहीं करेगी। मुंबई पुलिस ने बुधवार को एक विशेष अदालत को बताया कि सांसद नवनीत राणा और



उनके पति रवि राणा को नौ जून तक गिरफ्तार नहीं करेगी। राणा दंपति की जमानत रद्द करने का अनुरोध करते हुए पुलिस की ओर से दायर याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख नौ जून है। बता दें कि राणा दंपति ने कहा था कि वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास 'मातोश्री' के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।जिसके बाद मुंबई पुलिस ने 23 अप्रैल को नवनीत और रवि राणा को गिरफ्तार कर लिया था।

## कर्नल कोठियाल ने छोड़ा आप का साथ

**नैनीताल, (एजेंसी)।** उत्तराखंड के विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री पद के दावेदार रहे कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। कर्नल कोठियाल ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को बुधवार को अपना त्यागपत्र भेज दिया है। श्री केजरीवाल को भेजे गए पत्र में उन्होंने कोई खास वजह नहीं बताई है। मैं 19 अप्रैल, 2021 से 18 मई, 2022 तक आप का सदस्य रहा हूँ। उत्तराखंड के पूर्व सैनिकों, पूर्व अर्द्धसैनिकों, महिलाओं, युवाओं तथा बुद्धिजीवियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बुधवार को पार्टी की सदस्यता से अपना त्यागपत्र भेज रहा हूं।

## बढ़ती महंगाई ने तोड़ी आमजन की कमर- एडवोकेट नमिता झा



प्रखर वाराणसी। लगातार जरूरत की वस्तुओं के मूल्य में हो रहे बेतहाशा वृद्धि ने आमजन की कमर तोड़ दी है। कोरोना के बाद महंगाई की मार ने आमजन को तंगहाली के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। अक्टूबर 2019 के बाद खुदरा महंगाई केवल एक बार चार फीसदी के स्तर को छुआ है। बाकी हर महीने में यह ना सिर्फ चार फीसदी से ज्यादा रही बल्कि ज्यादातर समय यह उससे भी ऊपर गयी हैं। पिछले सात महीने से लगातार महंगाई दर बढ़ रही है। देश में लगातार खाद पदार्थों, खाद्य तेल पेट्रोल डीजल गैस की कमीतो में बेतहाशा वृद्धि आमजन को कमर तोड़ रही है। पिछले कुछ दिनों में अनाज, दूध, सब्जी, पेट्रोल, घरेलू सिलेंडर, सीएनजी, पीएनजी की कीमतों में वृद्धि हुई है। इसी तरह ज्यादा उपयोग किए जाने वाले मशहूर काफी ब्रांडो एवं चाय पत्ती के दामों में वृद्धि हुई है। 1 अप्रैल से कई जरूरी दवाओं की कीमतें भी बढ़ गई हैं। चिंता की बात यह है की करोना संकट से उपजे हालत में आय के संकुचन के चलते महंगाई की मार दोहरी नजर आ रही है। यही वजह है कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच पिछले सप्ताह आरबीआई ने 4 सालों में पहली बार अपनी रेपो दर में वृद्धि करने का एलान किया और इसे बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया। करोना महामारी के बाद घटी आए के बीच आसमान छूती महंगाई से आम आदमी पर चौतरफा मार पड़ी है। बीते एक साल में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, दूध, चीनी, दाल से लेकर खाने के तेल की कीमतों में भयंकर उछाल आया है इससे कम आय, नौकरी पेशा और मध्यमवर्गीय की मुश्किलें बढ़ गई है। बता दे की पिछले साल 3 नवंबर को केंद्र ने पेट्रोल पर 5 रुपए और डीजल पर 10 रुपए सीमा शुल्क घटा दिया था ताकि पूरे देश में रिटेल कीमतों में कमी की जा सके। इसके बाद तमाम राज्य सरकारों ने वैट को घटा दिया था जिससे लोगों को बढ़ी हुई पेट्रोल डीजल की कीमतों से थोड़ी राहत जरूर मिली थी। लेकिन एक बार फिर पेट्रोल डीजल की कीमतों में उछालने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। महंगाई की मार ऐसे है की गरीब तो गरीब मध्यम वर्ग के लोगों को भी अब चुभने लगी है। लेकिन महागाई एकाएक इतना क्यों बढ़ गया इस सवाल का कोई ठोस जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है। सरकार उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है परंतु इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। महंगाई के खिलाफ विपक्षी पार्टियों के भी स्वर कमजोर पड़ गए है। केंद्र एवं राज्य सरकारों की अति शीघ्र महंगाई को काबू में करने का उपाय करना चाहिए, अन्यथा बेरोजगारी के साथ-साथ महंगाई से त्रस्त देश की जनता लंबे समय तक चुप बैठने वाली नहीं है।

# जनसुनवाई में सुनीं पीड़ित महिलाओं की समस्याएं



**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** सदस्या, उप्र राज्य महिला आयोग उषा रानी के द्वारा बुधवार को सर्किट हाऊस में महिलाओं से सम्बंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, योजनाओं का लाभ न मिलने, अवैध कब्जे से सम्बंधित शिकायतों सहित अन्य कई शिकायतें सुनवाई के लिए आईं। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का गठन पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए ही हुआ है। यदि किसी महिला को न्याय मिलने में कोई परेशानी आ रही है तो वे अपनी समस्या को लेकर महिला जनसुनवाई में जरूर आए। जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की पूरी सहायता की जायेगी। महिला जनसुनवाई में कुल 19 प्रकरण सुनवाई के लिए आये, जिनमें से 5 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

**संसदीय कार्यवाही**

## यूएस खुफिया रिपोर्ट ने बताया अगले माह हो रही तैनाती

# भारत खड़ा करेगा एस-400 की दीवार

**वॉशिंगटन ■ एजेंसी**

भारत, चीन और पाकिस्तान से मिल रहे खतरे के मद्देनज़र रूस में बने एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को अगले महीने अपनी रक्षा में तैनात कर सकता है।



भारत वायुसेना, थलसेना, नौसेना और रणनीतिक परमाणु बलों का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह कहा है। भारत को पिछले साल दिसंबर से एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम रूस से मिलना शुरू हुआ था। लेफ्टिनेंट जनरल स्कॉट बैरियर जो डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी से डायरेक्टर हैं, उन्होंने अमेरिकी संसद की सशस्त्र सेवा समिति को हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान यह बताया।

अमेरिका लगातार भारत को रूस से एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने पर चेताता रहा है। अक्टूबर 2021 तक, भारत की सेना अपनी जमीनी और समुद्री सीमी को सुरक्षित करने के लिए एडवांस निगरानी सिस्टम लेने पर विचार कर रही थी। साथ ही हमलावर और रक्षात्मक साइबर क्षमता को भी बढ़ावा देने पर काम चल रहा था।

### अपनी क्षमता बढ़ा रहा है भारत

लेफ्टिनेंट जनरल बेरियर ने कहा कि दिसंबर में, भारत को एस-400 वायु रक्षा तंत्र की शुरुआती डिलीवरी मिली। भारत इसका इस्तेमाल जून 2022 तक पाकिस्तानी और चीनी खतरे से निपटने के लिए करना चाहता है। साथ ही भारत अपनी हायपरसोनिक, बैलिस्टिक, क्रूज और एयर डिफेंस मिसाइल क्षमता को विकसित करना जारी रखे हुए है। भारत ने 2021 से कई टेस्ट किए हैं। भारत की कई सैटेलाइट काम कर रही हैं और वह अपने अंतरिक्ष के संसाधनों के प्रयोग को बढ़ा रहा है, हो सकता है कि भारत अंतरिक्ष से हमला करने की क्षमता पर भी काम कर रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल बैरियर ने बताया कि नई दिल्ली में सांसद सेना के आधुनिकीकरण के कई प्रयास कर रहे हैं। और घरेलू उत्पादन पर भी जोर दे रहे हैं। भारत समग्र थिएटर कमांड भी बनाने की ओर कदम बढ़ा रहा है जो उसकी तीनों सेनाओं की संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाएगा। भारत के रूस के साथ लंबे समय के रक्षा संबंध मजबूत हैं। दिसंबर में दोनों देशों की पहली 2+2 फॉर्मेट में बैठक हुई।

# आशुतोष बने उप मुख्य यातायात प्रबंधक, स्टेशन निदेशक कानपुर

- हिमांशु शेखर उपाध्याय बने उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (योजना) उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय
- ऋषिकेश मौर्य बनाए गए वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, आगरा

प्रयागराज, (ब्यूरो)। 2008 बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी आशुतोष सिंह को हिमांशु शेखर उपाध्याय के स्थान पर उप मुख्य यातायात प्रबंधक और स्टेशन निदेशक/कानपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है। ज्ञात हो कि, हिमांशु शेखर उपाध्याय का निर्धारित कार्यकाल इस वर्ष समाप्त हुआ है।

आशुतोष सिंह वर्तमान में आगरा में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें रेलवे में वाणिज्य और परिचालन का व्यापक अनुभव है। उनके पास वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आगरा, वरिष्ठ मंडल परिचालन (माल) / झांसी और मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज जैसे अन्य पदों कर कार्य करने का अनुभव प्राप्त हैं। आशुतोष सिंह जवाहरलाल नेहरू विवि दिल्ली के पूर्व छात्र हैं और अपने विवि के दिनों में सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में बहुत सक्रिय रहे हैं। 2007 बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा अधिकारी और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हिमांशु शेखर को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में स्थानांतरित किया गया है और उन्हें उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (योजना) के रूप में पदस्थ किया गया है।

# महंत भवानी नंदन यति महाराज ने फीता काट कर किया नारदवाणी न्यूज पोर्टल का उद्घाटन



प्रखर गाजीपुर। सिद्धपीठ हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति जी महाराज ने बुद्धवार को शहर के ददरीघाट में विद्युत उपकरणों की प्रमुख उत्पादक कंपनी एंकर पैनासोनिक लाइफ साल्युशन्स इंडिया प्रा.लि. के जनपद के डिस्ट्रीब्यूटर संस्था सिद्धेश्वरी इंटरप्राईजेज के उद्घाटन के अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लगन और निष्ठा के साथ किये गये कार्य का परिणाम हमेशा सुखदाई होता है साथ ही परिश्रम और ईमानदार दारी से कमाया गया धन सार्थक होता है। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही नहीं महामंडलेश्वर स्वामी जी ने पत्रकार अविनाश प्रधान के समाचार पोर्टल नारदवाणी डाट को का भी बटन दबाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आरम्भ में महामंडलेश्वर महाराज श्री को अंगवस्त्रम देकर तथा माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया गया। सिद्धेश्वरी इंटर प्राईजेज के संचालक जितेंद्र नाथ राय व अविनाश प्रधान ने बताया कि यहां विद्युत उपकरणों की पूरी रेंज उपलब्ध रहेगी। उपभोक्ताओं और दुकानदारों को वास्तविक मूल सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगा तथा साथ ही न्यूज पोर्टल नारदवाणी डॉट को के साथ यूट्यूब चैनल नारदवाणी विविधा का भी संचालन होगा। वाराणसी के ज्ञानवापी प्रकरण पर पत्रकारों के प्रश्न के जबाब में महामंडलेश्वर स्वामी ने कहा कि वैदिक शास्त्रों में लिखा है कि काशी के कण-कण में भगवान शिव का वास है। ज्ञानवापी का मामला न्यायालय के विचाराधीन है और न्यायालय के आदेश से कारर्वाई हो रही है। न्यायालय का निर्णय सर्वमान्य होता है और इस मामले में भी हम अदालत के निर्णय का स्वागत करेंगे और उसी के अनुसार संत समाज कार्य करेगा। इस मौके पर पैनासोनिक लाइफ साल्युशन्स इंडिया प्रा.लि. के एरिया मैनेजर अंकित सिन्हा, योगेश्वर प्रसाद, अरविंद गुप्ता,शिवम राय, सत्येन्द्र नाथ शुक्ला, विनोद पांडेय, सूर्यवीर सिंह, आशुतोष त्रिपाठी,आलोक त्रिपाठी,बृज बिहारी पांडेय, आशीष कुमार राय, अजय राय, कमल किशोर, शिवकुमार, विनोद गुप्ता सहित तमाम पत्रकार, अधिवक्ता, व्यवसायी एवं गणमान्य जन मौजूद रहे। संचालन डा. ए.के. राय ने तथा आभार ज्ञापन अविनाश प्रधान ने किया।

## सेना के जवान का बीमारी के चलते निधन, क्षेत्र में शोक का माहौल

प्रखर केराकत जौनपुर। सेना में सप्लायर कोर के पद पर कार्यरत जवान केराकत कस्बे के नरहन मोहल्ला निवासी आसिफ खान पुत्र वाहिद खान उम्र 28 वर्ष का बीमारी के चलते बुधवार को मेरिटी अस्पताल प्रयागराज में निधन हो गया। गुरुवार को उनका शव घर लाया गया। जहां देर शाम को नरहन के कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया। गौरतलब हो कि आसिफ खान वर्तमान में कोटा के राजस्थान में तैनाती थी। ईद पर लगभग एक महीने की छुट्टी लेकर घर आये थे। विगत 7 मई को उनकी रिंग सेरेमनी थी। अगले दिन 8 मई को उनके पेट में दर्द के चलते तबियत बिगड़ गई और उन्हें वाराणसी ले जाया गया डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए मेंरिटी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया। 18 मई को इलाज के दौरान बुधवार को उनका निधन हो गया बता दे कि आसिफ खान तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे। उनके चाचा जावेद खान भी सेना में थे और आतंकी हमले में वीर गति को प्राप्त हो गए थे। सेना के तीन अधिकारी गुरुवार को मिनी ट्रक से उनका शव लेकर केराकत पहुंचे। पहले से अपने लाल को एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में लोगो की भीड़ इकट्ठी रखी जैसे ही सिहौली चौराहे पर उनका पार्थिक शरीर पहुंचा की बंदेमातरम के उद्घोष के गूंज के केराकत क्षेत्र गूंज उठा। शव को नरहन स्थित पैतृक घर ले जाया गया। जहां परिजनों रिश्तेदारों और शुभ चिंतकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। देर शाम को नरहन में ही स्थित कब्रिस्तान में पूरे सम्मान के साथ दफन कर दिया गया।



## आराजी लाइंस खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत श्रीवास्तव ने प्राथमिक विद्यालय मुंगवार को लिया गोद

प्रखर वाराणसी। प्राथमिक विद्यालय मुंगवार में शासन के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा,जीवन रक्षा की शानदार रैली विद्यालय के समस्त छात्र- छात्राओं एवं समस्त स्टाफ के साथ खंड शिक्षा अधिकारी शशि कांत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में निकाली गई। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय मुंगवार को गोद लिया गया।प्राथमिक विद्यालय मुंगवार प्रेरक विद्यालय बनने की ओर अग्रसर है। जिसके लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने उनका आभार व्यक्त किया है। उनकी उपस्थिति में बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा पर आधारित क्विज प्रतियोगिता,निबंध लेखन, चित्रकला, कविता, स्लोगन एवं विद्यालय की प्रेरक शिक्षिका ममता पटेल के द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित कविता पर गतिविधि कराई गई।इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय के समस्त बच्चों का प्रेरणा लक्ष्य आधारित बेसलाइन आकलन किया गया। सड़क सुरक्षा पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक जवाब दिया।बच्चों की हाजिर जवाबी से वह अत्यंत प्रसन्न हुए एवं विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं स्टाफ को शुभकामनाये दी।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शशि कांत श्रीवास्तव विद्यालय के हेड प्रेमनाथ,प्रेरक शिक्षिका ममता पटेल,उषा देवी,मीना कुमारी, मनीष,रसोईया कल्लू यादव,उषा यादव एवं विद्यालय के समस्त बच्चे उपस्थित रहें।



## अमृत सरोवर के लिए तालाब के निर्माण हेतु विधायक खजनी द्वारा किया गया भूमि पूजन

प्रखर गोरखपुर। भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट एवं जल संरक्षण के अनुक्रम में "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना" के अन्तर्गत विकास खंड सहजनवा के ग्राम गंगटही मदरिया के पोखरे का चयन अमृत सरोवर में होने पर पूजन -अर्चन कर निर्माण कार्य का शुभारम्भ खजनी विधान सभा के लोकप्रिय विधायक श्रीराम चौहान द्वारा किया गया। भूमि पूजन व पोखरे के शुभारंभ के समय विधानसभा खजनी के लोकप्रिय विधायक श्री राम चौहान ने उपस्थित जन समुदाय को बताया कि प्रधानमंत्री की ड्रीम प्रोजेक्ट एवं जल संरक्षण के अनुक्रम में लोक हित को देखते हुए इस योजना से पशु पक्षियों के साथ-साथ जल संचय का विकल्प तैयार होगा भूगर्भ से गिरते हुए जल स्तर का अस्तर पोखरा और नदी तालाबों से ऊपर होता है ऐसी सूरत में इन पोखरण के माध्यम से जल संचय भी होगा, इस अवसर पर खजनी विधानसभा के विधायक श्री राम चौहान, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी सहजनवा सुरेश कुमार मौर्या , एपीओ मनोज कुमार सिंह, सचिव लोकेश, सहायक तकनीक अजीत सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## धाकड़ का थीम सॉन्ग 'तू है धाकड़' प्रेरणादायक है

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कंगना रनौत-अभिनीत धाकड़ के निमार्ता सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट ने आज फिल्म का थीम सॉन्ग 'तू है धाकड़' रिलीज किया। दशाश्वमेध घाट पर गीत लॉन्च करने के लिए कंगना रनौत, अर्जुन रामपाल, दिव्या दत्ता, निर्देशक रजनीश घई और निमार्ता दीपक मुकुट वाराणसी पहुंचे। अपनी तरह के इस अनूठे आयोजन में नदी के किनारे तैरती एलईडी स्क्रीन पर गाना बजाया गया। आयोजन में शामिल प्रेस से मिली जय-जयकार से इस तथ्य की पुष्टि हुई कि धाकड़ का एंथम जैसा थीम सॉन्ग बहुत प्रभावशाली है। धाकड़ के पूरे एल्बम में कुल छह गाने हैं। फिल्म का टाइटल सॉन्ग अनुभवी एडवरटाइजिंग एवं फिल्म संगीतकार ध्रुव घणेकर द्वारा तैयार किया गया है। इसे एक्टर व लेखक इशिता अरुण ने लिखा है और जैज सोल-ट्रेस वसुंधरा वी द्वारा परफॉर्म किया गया है। 'तू है धाकड़' एजेंट अग्नि की उग्र, लेकिन संवेदनशील खूबियों का प्रतीक है। गीत और धुन के जरिये, गीत फिल्म में शीर्षक में आए कैरेक्टर की यात्रा को दशार्ता है। यह दर्शकों को फिल्म की दुनिया में ले जाने का भी प्रयास करता है। इस कम्पोजिशन में एक सार्वभौमिकता है क्योंकि यह पश्चिम और पूर्व के म्यूजिकल नोट्स को जोड़ती है। गाने के बारे में बात करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि "यह गाना फिल्म की टोन सेट करता है, इसलिए हमने अपने प्रचार अभियान के आखिरी चरण के दौरान 'तू है धाकड़' रिलीज की है। यह एजेंट अग्नि को एक अजेय शक्ति के रूप में दशार्ता है जो कभी न हारने वाले रवैये का प्रतीक है। इस गाने में एंथम जैसी क्वालिटी है और मेरे कैरेक्टर के धैर्य और जीवटता को अपने में समेटे हुए है ` निर्देशक रजनीश घई ने बताया कि "मैं एक ऐसा गाना चाहता था, जिसमें गर्मजोशी वाला पहलू हो। मैं विज्ञापन जगत के अपने दोस्त संगीतकार ध्रुव घनेकर के पास पहुंचा, जिन्होंने



पहले भी कई गीतों की रचना की है। मुझे पता था कि वह मेरे मन की बात को समझेंगे और उसे एक धुन में ढाल देंगे। यह गीत प्रेरक है और ऐसी भावना पैदा करता है कि कैसे सभी बाधाओं के खिलाफ लड़ते हुए चीजों को हासिल किया जा सकता है और हार को कभी स्वीकार नहीं करना चाहिए। इशिता अरुण ने ऐसे गीत लिखे हैं जो फिल्म की कहानी की भावना और एजेंट अग्नि की साहस के साथ पूरा न्याय करते हैं। वसुंधरा वी के स्वर गाने को एक नए स्तर पर ले जाते हैं और उनकी गायन शैली गीत को और भी ऊंचाई प्रदान करती है` निमार्ता दीपक मुकुट ने कहा कि "'तू है धाकड़' गाना प्रेरणादायक है और फिल्म की थीम एवं कहानी के लिए वास्तव में उपयुक्त है। यह देखकर बहुत अच्छा लगता है कि जो फिल्म हमने अपने खून-पसीने से बनाई है, वह भी संगीत की दृष्टि से हाई स्कोर हासिल कर रही है। यह सॉन्ग फिल्म की थीम और एजेंट अग्नि की भावना को उजागर करता है, और यह दर्शकों को कंगना के चरित्र से गहराई से जोड़ेगा। फिल्म के सभी गाने खूबसूरती से बनाए गए हैं और फिल्म की कहानी के साथ बहुत अच्छा तालमेल बनाते हैं। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट धाकड़ के साथ अपना खुद का म्यूजिक लेबल, एसआरई म्यूजिक भी लॉन्च कर रहा है और हमें इस फिल्म के एल्बम को अपने उद्घाटन प्रोजेक्ट के तौर पर लेकर काफी गर्व है। इसका संगीत हर दर्शक के मन में गूंजेगा और सिनेमाघरों से निकलने के बाद लंबे समय तक उनके साथ बना रहेगा धाकड़ सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है, जो दीपक मुकुट और सोहेल मक्लई द्वारा निर्मित और हुनर मुकुट द्वारा सह-निर्मित है। फिल्म रजनीश घई द्वारा निर्देशित है और जी स्टूडियो, कमल मुकुट, सोहेल मक्लई प्रोडक्शंस और एसाइलम फिल्मों के सहयोग से बनी है। धाकड़ का संगीत एसआरई म्यूजिक के बैनर तले तैयार किया गया है। यह फिल्म जी स्टूडियोज वर्ल्डवाइड द्वारा वितरित की जाएगी और 20 मई 2022 को रिलीज होगी।

## मंदबुद्धि युवक से अप्राकृतिक दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर महराजगंज। थाना क्षेत्र बृजमनगंज के अंतर्गत ग्राम सभा बेलसड निवासी पवन कुमार को मंदबुद्धि युवक से अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोप में बृजमनगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार कर भेजा जेल। अपराध एवं अपराधियों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल नेतृत्व,अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन व क्षेत्रअधिकारी महोदय फरेंदा के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बृजमनगंज के निकट पर्यवेक्षण में गठित टीम को मिली सफलता दिनांक 19 मई 2022 को समय 00:23 बजे के पंजीकृत मुकदमा संख्या 79/2022 धारा 377 भारतीय दंड विधान से संबंधित वांछित अभियुक्त पवन कुमार पुत्र गिरधारी उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी ग्राम बेलसंड थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज को आज दिनांक 19 मई 2022 को समय 9:15 बजे ग्राम बेलसड़ चौहान टोला से गिरफ्तार किया गया।जिसमे उप निरीक्षक मंगल सिंह कांस्टेबल रतन जायसवाल के द्वारा सराहनीय कार्य किया।

## नशीले पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत पुलिस ने नाऊपुर झूला फैक्ट्री के पास से एक अभियुक्त को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा।प्राप्त जानकारी के अनुसार निहालापुर थाना केराकत जनपद जौनपुर निवासी उमेश यादव उर्फ पिन्नी पुत्र दूधनाथ यादव को एक किला 100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ बुधवार की देर रात्रि में केराकत पुलिस ने गिरफ्तार किया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 170/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम अभियुक्त का चालान किया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा,उ0नि0 संतोष यादव चौकी प्रभारी थानागद्दी, उ0नि0 सियाराम यादव थाना केराकत, हे0का0 रमेश यादव थाना केराकत,का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना केराकत जनपद जौनपुर रहें।

## जै कन्हैया लाल के उच्च उद्घोष से गूंज उठा कथा पाणडाल, बासुदेव कृष्ण की झांकी देख झूमे लोग

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। (कथा स्थल से, गौरीशंकर पाण्डेय सरस) थाना क्षेत्र के खड़ौरा गांव में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन कम उम्र में परीक्षित का राजा बनना तथा कलियुग के प्रभाव से मति का भ्रष्ट होना।को आगे बढ़ाते हुए चौथे दिन आचार्य वृजेश कुमार पांडेय ने राजा परीक्षित की कथा का प्रसंग सुनाया । कथा प्रसंग में आचार्य ने कहा कि कथा श्रवण से मन के सब विकार दूर होते हैं । कथावाचक वही होता है जिसके मन में भगवान के प्रति भाव होता है।और कथा वही लोग श्रवण भी करते हैं जिनमें कथा श्रवण करने की अभिरुचि होती है। घर में बच्चे बीबी व अन्य व्याधियों में फंसकर मनुष्य भगवान को विस्मृत कर जाता है ।

बहुत से लोग अपने धन व पद का घमंड भी करते हैं जबकि उसको ये पता ही नहीं है कि भगवान से बड़ा इस दुनिया में कोई नहीं है । ईश्वर ही सर्वश्रेष्ठ है। फिर भी माया रूपी संसार में मनुष्य अपने आप को बड़ा मानकर चलता है । आचार्य ने कहा कि मनुष्य को घमंड नहीं करना चाहिए । कथा वाचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का जिक्र करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज शिकार खेलने की चाह में वन में काफी दूर चले गए। प्यास से व्याकुल राजा प्यास बुझाने के लिए पास में समीक ऋषि के आश्रम में पहुंच कर पानी पिलाने के लिए ऋषि से बोले लेकिन समीक ऋषि समाधि में लीन होने के चलते पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा ऋषि ने मेरा अपमान किया है मुझे भी इसका अपमान करना चाहिए।यह सोचकर उसने पास में पड़ा एक मरा हुआ सर्प उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया।कलिकाल के प्रभाव में राजा की बुद्धि मारी गई। इसकी सूचना पास में बच्चों संग खेल रहे ऋषि के पुत्र को जैसे ही मिली।दौड़ते हुए पहुंचा और नदी का जल हाथ में लेकर शाप दे डाला ।जिसने मेरे पिता का अपमान किया है वह आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प के दंश से मृत्यु को प्राप्त करेगा। मृत्यु काश्राप पाकर राजा परीक्षित को बड़ी चिंता हुई। जिसके समाधान के लिए शुकदेव जी ने सात दिनों तक श्रीमद्भागवत का कथा श्रवण कराया। प्रसंग को बढ़ाते हुए कथा व्यास ने कृष्णावतार में प्रवेश कराया। श्रृष्टि संरचना का दायित्व ब्रम्हा जी को सौंपा गया। परन्तु पृथ्वी के पाताल में होने के कारण श्रृष्टि रचना असंभव? थी। चूंकि भगवान का अवतार भी तो पृथ्वी पर ही होना था ।इसलिए भगवान द्वारा वाराह अवतार लेकर पृथ्वी को पाताल लोक से बाहर निकालने की कथा का भक्त सुधि?श्रोताओं ने श्रवण किया।। कथा का मुख्य ध्यानआकर्षण श्रीकृष्ण अवतरण रहा। जन्मोत्सव की मनमोहक झांकी देख सबके सब आनंदातिरेक में आकंठ डुबकी लगाने को मजबूर होगाए।जन्म लेते ही जगत के चर अचर में खुशी इस कदर समां गई की मानो सचमुच असुरों के अत्याचार का दमन तथा भगवद भक्तो का रक्षक आगया। दिशाएं प्रमुदित और प्रफुल्लित हो गई। मौके पर मौजूद विद्वान ब्राह्मणों ने प्रभु का जलाभिषेक किया।तो मानो आकाश से सुगंधित पुष्प झरकर प्रभुका अभिनंदन किया। उपस्थित कथा पान कताओं ने? श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेव महामंत्र का स्मरण किया।और प्रभु के सच्चे स्वरूप का दर्शन किया। आकाश से देवताओं ने देश स्तुति करते हुए मानो फूल बरसाकर प्रभु का बंदन किया।मौके पर कथा आयोजक श्यामा चरण पाण्डेय परिवार सहित सभी श्रोता गण मौजूद थे।कथा की रोचकता के लिए संगीत की रागिनी के लिए हारमोनियम पर पियूष कुमार पांडेय तबला पर हनुमान प्रसाद पांडेय तथा पैड पर मनोज ने साथ दिया।





## संक्षिप्त खबरें

### विधायक सौरभ श्रीवास्तव को विधानमंडल में सचेतक बनाए जाने पर रामनगर युवा मोर्चा कार्यकताओं ने लोगों में बांटी मिठाइयां

प्रखर वाराणसी। मुख्य सचेतक बनाए जाने पर महानगर मंत्री ने बांटी मिठाई मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वाराणसी कैंट के लोकप्रिय विधायक श्री सौरभ श्रीवास्तव जी को विधानमंडल में सचेतक बनाए जाने पर रामनगर युवा मोर्चा कार्यकताओं ने लोगों में बांटी मिठाइयां। महानगर मंत्री युवा मोर्चा सृजन श्रीवास्तव ने युवाओं के साथ लोगों में मिठाइयां बांटी। महानगर मंत्री श्री सृजन श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मतों से जीत का अंतर के मामले में रिकार्ड बनाने वाले पूर्वांचल के युवा तुर्क श्री सौरभ श्रीवास्तव जी को सचेतक बनाकर बनारस का सम्मान बढ़ाया गया है युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एक युवा विधायक के इस प्रकार से सम्मानित होने पर गर्व का अनुभव कर रहे हैं। सौरभ श्रीवास्तव हमेशा आम जनमानस के बीच दिन-रात सुख-दुख में बने रहते हैं। सृजन श्रीवास्तव के साथ कुलदीप सेठ, जय सिंह चौहान, गोविन्द मौर्य, विसंभर सेठ, मदन मोहन शर्मा, आनंद चौहान, त्रिषाल पाठक,आदर्श,आदि ढेरों कार्यकर्ता थे।

### 53 लाख की लागत से सीवर लाइन का शिलान्यास किया गया



प्रखर रामनगर वाराणसी। तिवारी कटरा के पास माननीय श्री लक्ष्मण आचार्य जी विधान परिषद सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष जी द्वारा 53 लाख की लागत से सीवर लाइन का शिलान्यास किया गया। लल्लन सोनकर ने बताया कि तिवारी कटरा से लेकर निषादराज तक सीवर लाइन का कार्य होगा रामपुर के लिए यह ऐतिहासिक कार्य होगा बरसात के दिनों में रामपुर के लोग काफी दिक्कत में रहते थे। बीमारियों का डर बना रहता था। अब उससे निजात मिलेगा। इस अवसर पर मधुकर पांडे नंदलाल चौहान सृजन श्रीवास्तव संतोष द्विवेदी भाजपा नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह सतेंद्र सिंह पिंटू अर्जुन शर्मा सभासद संतोष शर्मा अशोक अग्रहरि सभासद संतोष गुप्ता राजेंद्र गुप्ता बहुत से स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### नाबालिग के साथ रेप का आरोप, मुकदमा दर्ज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के गजोखर गांव निवासी एक दबंग युवक द्वारा अपने मामा के घर रही नाबालिक युवती से जबरदस्ती करने व रेप का मामला सामने आने पर पीड़िता के मामा के तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस को दिए तहरीर में पीड़िता के मामा ने आरोप लगाया कि गत 16 मई को घर मे घुसकर गांव के ही दबंग युवक ने उसकी भांजी के साथ रेप किया। जिससे उसकी शारीरिक व मानसिक स्थिति खराब हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बुधवार को सायंकाल में आरोपित के घर दबिश लेकिन नही मिला। सुबह उसे थाने लाकर पूछताछ की। उसके बाद पुलिस ने तहरीर पर धारा 376 व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित विशाल वेनवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### विद्युत समस्या समाधान कैम्प 23 को

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा तहसील क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पिंडरा में आगामी 23 मई को विद्युत विभाग द्वारा समस्या समाधान व वसूली कैम्प का आयोजन कर रहा है। विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम द्वारा पिंडरा विद्युत उपकेंद्र पर आयोजित कैम्प में गाजोखर, पिंडरा, अनेइ एव तरसरा बिजलीघर के जुड़े उपभोक्ताओं के खराब विद्युत बिलों का संशोधन , खराब मीटर बदलने का कार्य किया जाएगा । एसडीओ राहुल सिंह बताया कि एक छत के नीचे सभी तरह की सुबिधाये उपभोक्ताओं को आसानी से उक्त कैम्प में मिल सकेगी।

### बालिकाओं को मिशन शक्ति, एंटीरोमियो के प्रति किया जागरूक




प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर क्षेत्र के भोहर राजकीय हाईस्कूल में एसपीसी कार्यक्रम के तहत बालक और बालिकाओं को मिशन शक्ति,एंटीरोमियों,के बारे में बताते हुए शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1090, 112,आदि के बारे में पंपलेट वितरित कर अवगत कराया गया। वह विभिन्न प्रकार के अपराध एवं उसके रोकथाम की जानकारी दी गई।एवं थाने पर महिला हेल्प डेस्क,प्राइवेट मिशन शक्ति टीम के बारे में भी अवगत कराया गया।इसी क्रम में स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण के बारे में भी जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राजीव कुमार सिंह,एसआई यूटी अभिजीत सिंह मय मिशन शक्ति टीम, हमराहीगण,व प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप सिंह अध्यापक रागिनी श्रीवास्तव, सुनयना चंदेल ,आरती ,कविता कैलाश प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

### चोलापुर गोला पाताल पूरी हनुमान मंदिर के समीप नाद नदी में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के गोला स्थित पाताल पूरी हनुमान मंदिर के समीप नाद नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। नाद नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी।.जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए.मौके पर पहुंची चोलापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना चोलापुर पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में लगी है।शव की पहचान नहीं हो पाई है।अंदेशा लगाया जा रहा है कि व्यक्ति की हत्या कर शव को यहां फेंक दिया गया है.युवक के शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि युवक एक पैर से दिव्यांग है. जबकि अंदेशा यह भी लगाया जा रहा है कि गोला पुल से 40 फीट नीचे युवक को फेका गया होगा जिससे की उसका पैर टूट गया होगा।बरहाल चोलापुर पुलिस जांच में जुटी हुई है।एसएचओ चोलापुर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नशे के का लग रहा है।युवक का शव जहां पर मिला है वह स्थान देखने से प्रथम दृष्टया लग रहा है कि युवक एक ही स्थान पर कई घंटो से बैठा हुआ था.हालाकि पीएम होने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा.शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

# रोड सेफ्टी क्लब' का गठन करने की दिशा में कार्रवाई तेज करें प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए -सीएम

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ वृहद अभियान चलाया जाना जरूरी- सीएम

प्रखर गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर सड़क सुरक्षा/ ट्रैफिक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वह नगर निकायों की नारकी जीवन को बचाने के लिए नगर निकायों के अधिकारियों गोरखपुर मंडल आयुक्त सभागार में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र अपर मुख्य सचिव अमित मोहन वर्मा उपस्थित रहे साथ मे एडीजी जोन अखिल कुमार मण्डलायुक्त रवि कुमार एनजी डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे रविंद्र गौड़ जिलाधिकारी विजय किरन आनंद एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा सीडीओ इंदरजीत सिंह आरटीओ अनीता सिंह अपर आयुक्त अजय कांत सैनी एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह एसपी ट्रैफिक डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह नगर आयुक्त अविनाश सिंह सहित एनआईसी में अन्य अधिकारी व प्रदेश के अन्य जिलों व 734 तहसील व निकायों के अन्य अधिकारियों से सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ वृहद अभियान चलाया जाना जरूरी है एक टीम के रूप में बेहतर कार्ययोजना तैयार की जाए इसमें सड़क सुरक्षा के विभिन्न घटकों जैसे रोड इंजीनियरिंग, प्रवर्तन कार्य, ट्रामा केयर और जनजागरूकता को समाहित किया जाना उचित होगा।सीएम ने कहा कि अभियान के प्रथम चरण में एक सप्ताह में हमारा जोर जागरूकता पर हो सड़क सुरक्षा के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता के कार्यक्रम संचालित किए जाएं पब्लिक एड्रेस सिस्टम का अधिकाधिक प्रयोग किया जाना चाहिए स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता विषयक प्रभात फेरी निकाली जानी चाहिए इस अभियान के उपरांत त्रैमासिक सड़क सुरक्षा सप्ताह का कार्यक्रम सतत जारी रखा जाएगा उन्होंने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या को समाप्त करना होगा



प्रदेश में सड़क दुर्घटना से मृत्यु की दर में कमी के लिए बड़े पैमाने पर कार्य करने की आवश्यकता है. इसके लिए प्रदेश में उच्च शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के सभी विद्यालयों में 'रोड सेफ्टी क्लब' का गठन करने की दिशा में कार्रवाई तेज करें प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में अनफिट/बिना परमिट के स्कूली बसों का संचालन नहीं होगा बेसिक और माध्यमिक स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों के पालन के लिए विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है. ट्रैफिक नियमों के पालन का संस्कार बच्चों को शुरूआत से ही दी जानी चाहिए यातायात नियमों के संबंध में प्रधानाचार्यों/प्राचार्यों/विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कराया जाए अभिभावकों के साथ भी विद्यालयों में बैठक हो

पूर्णतः प्रशिक्षित लोग ही सड़क पर वाहन चलाए ड्राइविंग टेस्टिंग प्रणाली के आइटोमेशन की आवश्यकता है सभी जिलों में ड्राइविंग टेस्टिंग एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की स्थापना के प्रयास हो जनपदों में ऑटोमैटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक का विकास किया जाए वाहन चालान से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए लोक अदालतों का माध्यम अपनाया जाना उचित होगायातायात विभाग को सशक्त बनाने के लिए पुलिस रेगुलेशन में यथाआवश्यक संशोधन की कार्रवाई की जाए हर जिले में यातायात विभाग के पास कम से कम 01 इंटरसेप्टर जरूर हों यातायात विभाग के उच्च अधिकारी फील्ड विजिट करें शहरों में यातायात प्रबंधन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का आकलन करें स्थिति को बेहतर करने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ संवाद करें नगर विकास विभाग द्वारा बरसात से पूर्व नालों की सफाई करा ली जाए हर मेडिकल कॉलेज में न्यूनतम 30 बेड के इमरजेंसी ट्रॉमा केयर सेंटर के विकास किया जाना जरूरी है इस दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाए लखनऊ में यातायात प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना के लिए प्रक्रिया शुरू की जाए ट्रैफिक पुलिस के साथ यथावश्यक सिविल पुलिस और होमगार्ड के जवानों को जोड़ा जाए राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे पर ओवरस्पीड के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की सूचना मिलती है ऐसे में ब्लैक स्पॉट के सुधारीकरण, स्पीड मापन, त्वरित चिकित्सा सुविधा, सीसीटीवी आदि व्यवस्था को और बेहतर करने की जरूरत है सम्बंधित प्राधिकरणों को इस दिशा में गंभीरता से विचार करते हुए कार्य करना हो गाय यह सुनिश्चित किया जाए कि राजमार्गों पर ट्रकों की कतारें न लगें एम्बुलेंस रिस्पॉन्स टाइम को और कम करने की जरूरत है।वहीं, सीएम ने आगे कहा कि विभिन्न आकलन के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक 33% दो पहिया वाहन चालकों से जुड़े होते हैं. 38% दुर्घटनाओं का कारण ओवरस्पीड, 9% वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना और करीब 6.6% दुर्घटनाएं नशे में वाहन चलाने के कारण होती हैं उन्होंने कहा कि सतत जागरूकता के कारण वर्ष 2018 के बाद से सड़क दुर्घटनाओं में कमी देखी जा रही है। लेकिन आम जनमानस को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे तभी जाम की समस्या से निजात मिल पाएगा। सीएम योगी ने कहा कि जिन जगहों से लाउडस्पीकर उतार दिया गया है उन स्थानों पर पुनः लाउडस्पीकर ना लगने पाए इसके लिए संबंधित अधिकारीगण बराबर निगरानी करते रहे जिससे पुनः लाउडस्पीकर को ना लगाया जा सके।

# अमृत सरोवर का भूमि पूजन कर ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने किया शुभारंभ

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकासखंड के विभिन्न गांवों में अमृत सरोवर के तहत 12 तालाबो का जीर्णोद्धार होगा। इसी क्रम में गुरुवार उपजिलाधिकारी/ बीडीओ विकास चंद ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विकास



ग्राम पंचायत भानपुर व कोर्रा में स्थित तालाब की सुंदरीकरण अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा व प्रशिक्षु खण्ड के 12 चिन्हित गांव में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों के सुंदरीकरण तथा आम जनमानस के लिए योगाभ्यास व मॉर्निंग वॉक के लिए तालाब के किनारे पाथवे व घाट का निर्माण, बैठने के लिए बेंच तथा प्रकाश समुचित व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान तालाब का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी से कहा कि गांव में सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बरसात के दिनों में बहने वाले पानी को तालाब से जुड़े ताकि बरसात के पानी का संरक्षण किया जा सके जिससे आने वाले दिनों में पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना करना ना पड़े। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख संरक्षक रवि सिंह, सेक्रेटरी चंद्रबली, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान वीरेंद्र वर्मा, राजेश राजभर के अलावा ग्राम पंचायत के बुजुर्ग महिला एवं पुरुष मौके पर उपस्थित रहे।

# उपेक्षित पोखरों और तालाबों के बहुरेंगे दिन

प्रखर जखनियां गाजीपुर। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पोखरों की खुदाई और सीढ़ियों के निर्माण कार्य पर आबंटित धन राशि के बंदरबांट के चलते पोखरों का



जीर्णोद्धार शो पीस बनकर रह गया है। पानी के अभाव में धूल फांकते पोखरे और घटिया निर्माण कार्य के चलते टूटकर बिखरे पड़े घाट और सिढियां विकास को मुंह चिढ़ाते हैं। सरकार की मंशा के खिलाफ विकास को लगा चूना आईना की तरह साफ दिखाई देता है। यहां तक कि सर्वाधिक पोखरों की खुदाई का काम मनरेगा मजदूरों की बजाय जेसीबी मशीनों द्वारा कराया जाना भी मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी पर डाका जैसा था। जिसके चलते प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद मशीनों को जब्त भी करने की कार्रवाई चर्चा में रही।गौर तलब है कि तेज गति से खिसकते भू-जल स्तर को रोकने के लिए शासन प्रशासन ने पोखरों की खुदाई मरम्मत करने के अलावा उसमें जल संरक्षण करने की अनूठी पहल की। लेकिन परिणाम खोदा पहाड़ निकली चुहिया जैसा निकला।अब आजादी के पचहत्तर साल बाद अमृत महोत्सव को समर्पित अमृत सरोवर योजना के माध्यम से एक बार फिर पोखरों और तालाबों के सुंदरीकरण का काम शुरू किया गया है। विकास से वंचित धूल फांकते पोखरों और तालाबों के दिन बहुरेंगे। पोखरों तालाबों में पानी के साथ साथ छायादार वृक्ष और पक्के घाट भी होंगे । जहां पानी के लिए दर बदर भटकते लावारिस जानवरों को पेय जल की किल्लत से मुक्ति मिलेगी। वहीं आम जनमानस शुद्ध जल और हवा का लाभ ले सकेगा।

# भोजपुरी सिनेमा की बेहतरी को लेकर पीआरओ संजय भूषण पटियाला ने की मनोज तिवारी से मुलाकात



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भोजपुरी के मौजूदा दौर को बुलंदियों तक ले जाने वाले अभिनेता - गायक सह वर्तमान में भाजपा सांसद मनोज तिवारी से आज भोजपुरी जगत के मशहूर पीआरओ संजय भूषण पटियाला ने मुलाकात की। दोनों की मुलाकात आज दिल्ली में मनोज तिवारी के आवास पर हुई, जहां दोनों के बीच भोजपुरी सिनेमा और इस क्षेत्र के अहम बिंदुओं को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान संजय ने कहा कि मनोज तिवारी से यह औपचारिक मुलाकात थी, जिसमें हमने भोजपुरी फिल्मों के विस्तार और बेहतरी के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। संजय ने आगे कहा कि भोजपुरी सिनेमा को किस तरह आगे बढ़ाया जाए कि आगे भी भोजपुरी सिनेमा पर किसी तरह की गंदगी का दाग नहीं लगे। गाने और फिल्म पर लोग उंगलियां न उठाएं भोजपुरी के व्यापार को और आगे बढ़ाने के साथ भोजपुरी में ऐसी फिल्मों को प्रोत्साहन देने पर भी चर्चा हुई, जो मनोरंजन के क्लास को आगे बढ़ाने का काम करे। इस औसर पर भोजपुरी अभीनेता पप्पु यादव उपस्थित थे।

# भोजपुरी का पहला ओटीटी ऐप चौपाल लांच

### मनोज तिवारी ने कहा ये 35 करोड़ भोजपुरियों के लिए गर्व की बात, पावर स्टार पवन सिंह के पहले वेब सीरीज ₹प्रपंच₹ से लांच हुई ओ टी टी चौपाल, जुटे कई फिल्मी सितारे

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मुम्बई, भोजपुरी मनोरंजन जगत काफी तेजी से प्रगति कर रहा है एक समय ऐसा था कि हमारी फिल्में देखने के लिए सिर्फ सिनेमाहाल ही विकल्प थे और समय के साथ भोजपुरी के तमाम चैनल भी आये लेकिन भोजपुरी का कोई ओटीटी प्लेटफार्म नहीं था जिसपर भोजपुरी की फिल्में और वेब सीरीज देख पाएं लेकिन अब संदीप बंसल द्वारा अभय सिन्हा की मदद से लांच किए गए ओटीटी प्लेटफार्म चौपाल के जरिये 35 करोड़ भोजपुरियों का ये सपना भी पूरा हो रहा है।उक्त उद्गार उत्तर पूर्व दिल्ली के सांसद और भोजपुरी मेगा स्टार मनोज तिवारी ने मुम्बई के जुहू स्थित मिलेनियम क्लब में आयोजित चौपाल एप की लांचिंग पर कहा।पंजाबी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में सफलता पाने के बाद विश्व का सबसे बड़ा मल्टीरीजनल ओवर-दी-टॉप प्लेटफार्म (ओटीटी) 'चौपाल' अब भोजपुरी में भी आ गया है। यानी अब इस ऐप पर दर्शक भोजपुरी फिल्में और वेब सीरीज भी देख सकेंगे। हालांकि, इस ऐप पर पहले से ही 500 से अधिक घंटे का भोजपुरी कंटेंट उपलब्ध है। लेकिन अब फुलफ़्लेज यह भोजपुरी में भी आ गया है और इसकी शुरूआत पवन सिंह की वेब सीरीज 'प्रपंच' से हुई है। वेब सिरीज प्रपंच में पवन सिंह, साबिहा अली खान (शहनूर), जफर वारिस खान, शाहीबा जफरी, बृज भूषण शुक्ला और विनीत विशाल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रपंच की कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक मध्य श्रेणी का मासूम सा लड़का जीवन की परिस्थितियों के कारण अपराधी




बन जाता है। इस अवसर पर भोजपुरी अभिनेता विनय आनंद, अरविंद अकेला कल्लू,रितेश पांडे, यश मिश्रा, अभिनेत्री रानी चटर्जी,आम्रपाली दुबे,काजल राघवानी, शहर अफसा,अनारा गुप्ता आदि ने भी अपने अपने विचार रखा। इस समारोह में संदीप बंसल ने चौपाल एप पर रिलीज होने वाली अगली ओरिजिनल वेब सीरीज रितेश पांडेय की लंका में डंका के बारे में जानकारी दी और कहा कि यह एक अद्भुत कहानी है जिसमें एक दीवाना प्रेमी अपनी प्रेमिका की खुशी के लिए शिक्षा का मंदिर बनवा देता है और हजारो बच्चों के भविष्य को उज्वल करता है। बहुत जल्द ऐक्शन, ड्रामा, एनर्जी,और एंटरटेनमेंट से भरी भोजपुरी वेब सीरीज चौपाल पर रिलीज होंगी साथ ही मनोज तिवारी की धरती पुत्र, निरहुआ और आम्रपाली की पूर्वांचल, रवि किशन की पूरब का बेटा, अरविंद अकेला (कल्लू) की रनबीर' और अन्य प्रोजेक्ट्स कलाकार यश मिश्रा, खेसारी लाल यादव, काजल रघवानी के साथ बनाये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में अभय सिंहा ने कहा कि भोजपुरी प्रेमी अपने फोन में 'चौपाल' ऐप डाऊनलोड कर इसका सब्सक्रिप्शन प्लान्स एक्टिव कर भोजपुरी में शानदार मनोरंजन पा सकते हैं। भारत मे फिलहाल चौपाल के 3 प्लान्स एक्टिव हैं। पहला मोबाइल प्लान 99 रुपए महीने का है। यह एक महीने का प्लान है। इसपे सब्सक्राइबर अपनी मन पसंद फिल्म या वेब सीरीज अपने स्मार्ट फोन या एक स्क्रीन पर देख सकता है। यह प्लान स्टैण्डर्ड डेफिनिशन (कंटेंट क्वालिटी) को सप्पोर्ट करता है। दूसरा प्रीमियम प्लान 799 रुपए सालाना का है। इस सालाना प्लान में दो स्क्रीन (चाहे वो स्मार्ट फोन हो, टेबलेट हो, टीवी हो या फिर लैपटॉप) एक समय पर चलाई जा सकती हैं। यह प्लान हाई डेफिनिशन (कंटेंट क्वालिटी) को सप्पोर्ट करता है। तीसरा फैमिली प्लान 999 रुपए सालाना का है।

# योग महोत्सव 2022 का हुआ शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा केंद्र तथा शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा माह पर्यंत चलने वाले "योग महोत्सव 2022" का शुभारंभ हुआ। योग महोत्सव का आरंभ अतिथिगण द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं राष्ट्ररत्न बाबू शिवप्रसाद गुप्त जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण से हुआ, तदुपरांत विद्यार्थियों द्वारा योग की विभिन्न क्रियाओं के साथ एरोबिक जिमनास्टिक का भी प्रदर्शन किया गया।सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ-साथ उपस्थित जन समुदाय ने योग के विभिन्न आसनों का भी प्रदर्शन किया।




उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद डॉ सुनीता पांडेय कुलसचिव महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि "इस भागदौड़ के जीवन में प्राचीन भारतीय विधा योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में उपयोगी हो रहे है` मुख्य वक्ता प्रोफेसर आनंद कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में बताया कि "एकमात्र भारत में योग मान्य चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थापित है, जिसके संपूर्ण विश्व में विस्तार हेतु गुजरात के जामनगर में आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। स्वस्थ भारत संपन्न भारत के सपनों को साकार करने में योग बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहा है।दुनिया इसे स्वीकार करे इसके लिए आंकड़ा आधारित सूचनाओं का होना आवश्यक है।इसी दिशा में पहला कदम भारत सरकार द्वारा योग को कौशल के रूप में मान्यता दिया गया है ऑस्ट्रेलिया पहला देश है जिसने इसे कौशल के रूप में स्वीकार करते हुए अपने देश में भारतीयों के लिए वीजा उपलब्ध करा रहा है उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ जो कि प्राचीन एवं प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय हैं आयुष मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकता है तथा अन्य पाठ्यक्रमों की स्थापना कर सकता है आज का यह आयोजन उसी दिशा में मजबूत मील का पत्थर साबित होगा। मुख्य अतिथि प्रो॰ अवधेश सिंह विधायक पिंडरा ने योग तथा खेल के महत्व को बताते हुए कहां की "खेल व्यक्तित्व एवं कार्यशैली में अप्रत्याशित परिवर्तन ला सकता है योग को और समृद्ध बनाने के लिए इसकी शुरूआत अपने घर और पड़ोस से किया जाना चाहिए। भारत सरकार की मंशा के अनुरूप इस क्रांति की मशाल को जलाए रखने के लिए सिर्फ दिनविशेष पर ही नहीं बल्कि प्रतिदिन इसका अभ्यास जरूरी है। कोरोना महामारी के समय जीवन रक्षा में योग तथा व्यायाम की भूमिका अविस्मरणीय रही है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष तथा इस आयोजन के निर्देशक प्रो॰ सुशील कुमार गौतम ने अपने उद्बोधन में बताया कि " वर्तमान परिवेश में योग के विभिन्न पक्ष (आसन प्राणायाम तथा ध्यान) मानव जीवन को स्वस्थ तथा तनाव मुक्त बनाए रखने में प्रमुख भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। आसनों के नियमित अभ्यास से तमाम रोग एवं व्याधियों से मुक्ति तथा उनसे बचाव करने में सफलता मिलती है माह पर्यंत चलने वाले योग महोत्सव के दौरान इन्हीं पक्षों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अतिथियों का स्वागत डॉ॰ सुनीता ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ बाल रूप यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ चंद्रमणि तथा श्री प्रताप शंकर दुबे ने संयुक्त रूप से किया।

# अधिकारियों के उत्पीड़न से उद्योग बन्द करने के कगार पर उद्यमी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पीएम नरेंद्र मोदी आने से रातो रात सजने सवरने वाला करखियाव स्थित एग्रो पार्क फिर उजड़े चमन की ओर अधिकारियों के उत्पीड़न की कार्यवाही के चलते अग्रसर है। जिससे आधा दर्जन से अधिक फैक्ट्रिय बंदी के कगार पर पहुंच गए हैं। इसमें से दो ताला भी लगा चुके हैं । जिसमे बिस्कुट, नमकीन व पशु चारा की फैक्ट्री है। इसका कारण यूपीएसआईडीसी व यूपीसीडा विभाग का द्वारा। उत्पीडन बताया जा रहा है। उद्यमियों ने चेतावनी दी है यदि सरकार इन विभागों के अफसरों पर नकेल नहीं कसती तो और उद्यमी उद्योग बन्द करने के लिए बाध्य होंगे। बताते हैं कि उद्यमियों के पलायन के कारण मुख्य कारण प्रदूषण विभाग और यूपीसीडा के अफसर द्वारा बार-बार नोटिस देकर ईटीपी पर कार्रवाई करने से उद्योगों के विकास में अरोड़ा अटका रहे हैं । इंडस्ट्रीज एग्रो पार्क के उद्यमियों की माने तो प्रदूषण विभाग कोई भी इंडस्ट्रीज चले नहीं दे रहे। ईटीपी के नाम पर नोटिस जारी कर परेशान किया जा रहा है । टैक्स देने के बाद भी बेहाल है उद्यमी -- बताते हैं कि ईटीपी लगाने की जिम्मेदारी प्रदूषण विभाग की होती है। लेकिन विभाग खुद लगाकर उद्यमियों को लगाने के लिए बाध्य कर रही है। औद्योगिक क्षेत्र की साफ-सफाई से लेकर एसटीपी की जिम्मेदारी यूपीसीडा के अफसरों की है।

इसके लिए प्रतिवर्ष 16 रुपये स्क्वायर मीटर के हिसाब से विभाग के अफसर सालाना टैक्स लेते है। टैक्स देने के बाद भी साफ सफाई की जिम्मेदारी उद्यमियों पर दिया जाता है। उद्यमियों को जिला पंचायत को टैक्स अलग से देना पड़ता है। इस बाबत उद्यमी राजेश अग्रवाल का कहना है प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रही है। उसके लिए इन्वेस्टर्स समिट से लेकर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। वही दूसरी तरफ अधिकारियों द्वारा शोषण किया जा रहा है। नाम न छापने पर कुछ उद्यमियों ने बताया कि यूपीएसआईडीसी व यूपीसीडा व प्रदूषण विभाग के अफसरों की जांच करें तो भ्रष्टाचार की बड़ी मछली सामने आएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य सचिव ने एम्स का किया निरीक्षण



प्रखर गोरखपुर। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन वर्मा गोरखपुर आने के बाद एम्स आयुष विश्वविद्यालय मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण संबंधित अधिकारियों को रिया दिशा निर्देश एम्स में आने वाले हर मरीज यथोचित डॉक्टरों से कराया जाए इलाज जिससे स्वस्थ होकर मरीज अपने घर को जा सके आयुष विश्वविद्यालय निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि समय बद्ध तरीके से गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्यों को कराया जाए गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा संबंधित अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करते रहें अगर गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो कार्रवाई संस्था के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किया जाएगा मेडिकल कॉलेज निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने प्राचार्य डॉ गणेश सहित अन्य संबंधित डॉक्टरों से कहा कि मेडिकल कॉलेज में आने वाली हर मरीजों का सेवा भाव से इलाज करें जिससे मरीज स्वस्थ होकर अपने घरों को जा सके सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली समस्या दवाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जाएं बाहर से किसी भी प्रकार की दवा खरीदने के लिए न कहा जाए निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी जिलाधिकारी विजय किरन आनंद सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### खनन माफिया बने अलीबाबा चालीस चोर, जिम्मेदार अधिकारी बने धृतराष्ट्र, खनन माफियाओं पर कार्यवाही कब



प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं का आतंक जोरो पर है खनन माफियाओं द्वारा अवैध मिट्टी खनन का कार्य दिन और रात धड़ल्ले से किया जा रहा है।इन्हें प्रशासन का जरा भी डर भय नहीं है।खनन माफिया बिना रोक टोक के निडर होकर अपने काम को अंजाम दिये जा रहे हैं।और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।ऐसा ही खनन का दृश्य बुधवार को क्षेत्र के घुरियापार गांव के पूर्वी उत्तर दिशा में नजर आया।दिन के लगभग 9बजे बिना रायल्टी के एक जेसीबी और कई ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा मिट्टी खनन कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। जब दिन का आलम यह है, तो रात का आलम क्या होगा।इससे अंदाजा लगाया जा सकता है।जबकि सरकार अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए मातहतों को कड़े निर्देश दिए हैं।फिर भी जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। इस संबंध में जब उप जिलाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने रटी रटाई भाषा में बताया कि, मामला मेरे संज्ञान में नहीं है जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### समय के पहले स्कूल बंद करके स्कूल से नदारद रहे 4 शिक्षक



प्रखर गोरखपुर। जनपद के विकास खण्ड खजनी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पानापार समय के पहले 1:बजे बंद मिला शिक्षक नादर पाए गए जनपद के खजनी तहसील क्षेत्र से मात्र 1 किलोमीटर कितनी दूरी पर प्राथमिक विद्यालय पानापार होने के बावजूद समय के पहले बुधवार को बंद दिखा जिसकी तत्काल शिकायत हमारे वरिष्ठ संवादाता द्वारा जिलाधिकारी विजय किरन आनंद द्वारा बताया गया की समय के पहल विद्यालय बंद कर स्कूल से गायब रहे 4 शिक्षक सहित स्कूल के हेडमास्टर अंजनी त्रिपाठी के घोर लापरवाही से जल्द स्कूल बंद कर घर पहुच जाने के चक्र मे विद्यालय बंद कर गायब होने की सूचना बराबर मिलती चली भी आ रही है जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए कठोर कार्यवाही करने तथा अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित करने को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेंद्र कुमार सिंह को निर्देश दिया गया और ऐसे शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग के मनसे पर पलीता लगाते हुए व शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाते दिख रहे हैं।

### पूर्व प्रधान, रोजगार सेवक, तीन बीडीओ पर एफआईआर दर्ज

प्रखर गोरखपुर। बांसगांव इलाके के डड़वाचतुर गांव में शौचालय निर्माण में 29.40 लाख रुपये घोटाले का मामला सामने आया है। बांसगांव ने पूर्व प्रधान गीता राय, रोजगार सेवक मुनेंदर राय, ग्राम विकास अधिकारी दिग्विजय, विरेंद्र भूषण, अंकुर दुबे के खिलाफ मंगलवार रात करीब 8 बजे केस दर्ज कर लिया। एडीओ पंचायत अजय कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस लोक सेवक के पद के दुरुपयोग और अमानत में खयानत सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एडीओ पंचायत ने दिए तहरीर में लिखा है कि गांव के अनंत कुमार राय ने डीएम को शपथ पत्र देकर घोटाले की शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर जांच कमेटी गठित की गई। जांच में पाया गया कि गांव में 245 शौचालय का रुपया स्वीकृत हुआ था।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं